

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 13 जुलाई 2025 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष -41 ■ अंक-106 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 14 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112







## संक्षेप

### उज्ज्वल निकम-हर्षवर्धन श्रृंगला समेत 4 हस्तियां राज्यसभा के लिए मनोनीत

**नई दिल्ली,13 जुलाई।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चर्चित वकील उज्ज्वल देवराव निकम, पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला समेत 4 लोगों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। इन चारों हस्तियाँ ने अपने-अपने क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए चर्चित हैं। राष्ट्रपति ने यह नियुक्तियां संविधान के अनुच्छेद 80(1)(a) और खंड (3) के तहत की हैं।

### ग्रामीण की हत्या करने वाला नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा,13 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है. जगरगुंडा पुलिस और 150वीं वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में पामेड़ एरिया कमेटी में सक्रिय नक्सली रामा बोड़के को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार नक्सली कई गंभीर वारदातों में शामिल रहा है. जानकारी के मुताबिक, आरोपी रामा बोड़के पर ग्राम पूवर्ती में एक ग्रामीण की हत्या करने और मृतक के परिजनों को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने का आरोप है. इस संबंध में थाना जगरगुंडा में नक्सल निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज है. इस मामले में अब तक 6 नक्सलियों को गिरफ्तार किया जा चुका है. वहीं अन्य आरोपियों की तलाश के लिए सघन अभियान जारी है. गिरफ्तार नक्सली से पूछताछ की जा रही है और उससे और भी अहम जानकारियां मिलने की उम्मीद है.

### पत्नी ने पति पर चाकू से किया वार

**रायपुर,13 जुलाई।** राजधानी रायपुर के पंडरी ताजनगर में लव मैरिज करने वाली युवती काजल ने अपने पति पर चाकू से हमला कर दिया. लहूलुहान पति ने किसी तरह घर से भागकर अपनी जान बचाई. आरोपी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट के बाद जुर्म दर्ज किया गया है. पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है. बताया जा रहा है कि मोहम्मद तैय्यब पेशे से टाइल्स मिस्त्री है. उसने काजल यादव से तीन पहले लव मैरिज की थी. दोनों ताजनगर में किराए के मकान में रहते हैं और उनका डेढ़ साल का एक बच्चा है. जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात 10.30 बजे काजल और मोहम्मद तैय्यब के बीच विवाद हुआ. आरोपी पत्नी ने अपने पति पर दूसरे महिला के संबंध का आरोप लगाया. दोनों के बीच गाली-गलौज शुरू हो गई. विवाद इतना बढ़ा कि काजल ने पति पर सब्जी काटने के चाकू से पीठ, गले में वार कर दिया.

# विधानसभा का मानसून सत्र कल से

## कांग्रेस सरकार को घेरने बना रही रणनीति, भाजपा ने भी कमर कसी

रायपुर,13 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इस सत्र को लेकर सत्ता और विपक्ष दोनों पूरी तरह से एक्टिव मोड में आ चुके हैं। कांग्रेस जहां सत्र को सरकार की घेराबंदी के मौके के रूप में देख रही है, वहीं सत्तारूढ़ भाजपा ने भी काउंटर की कमर कस ली है। दोनों ही पक्षों के बीच तल्खी और तीखे सवाल-जवाब की संभावना को देखते हुए यह सत्र काफी हंगामेदार होने वाला है। सत्र से एक दिन पहले रविवार की शाम को कांग्रेस और भाजपा दोनों ने अपनी-अपनी रणनीति तय करने तथा अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बैठकों का दौर शुरू किया है। कांग्रेस अपने विधायक दल की बैठक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत की मौजूदगी में कर रही है, जिसमें प्रमुख मुद्दों पर सरकार को घेरने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। कांग्रेस शराब घोटाला, बेरोजगारी भत्ते में देरी, ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू न करने, किसानों के बोनस, खाद बीज, कर्जमाफी और बिजली दरों में वृद्धि जैसे मुद्दों पर घेरने की तैयारी में है। पार्टी का आरोप है कि सरकार ने जो वादे किए थे, उनमें से ज्यादातर सिर्फ घोषणा बनकर रह गए हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा सरकार पारदर्शिता की बात कर रही है, लेकिन हकीकत में हर विभाग में अफसरशाही हावी है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के मुताबिक सरकार जनता के मुद्दों से ध्यान भटका रही है और काम के नाम पर केवल प्रचार में व्यस्त है। दूसरी ओर, सत्तारूढ़ भाजपा भी विपक्ष के इन हमलों का जवाब देने को पूरी तरह से तैयार है। रविवार की देर शाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने मंत्रियों और विधायकों की बैठक बुलाई है। इसमें सत्र के दौरान विपक्ष की ओर से उठाए जाने वाले संभावित सवालों और उनके जवाब पर चर्चा होगी और जवाब की रणनीति बनाई जाएगी। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक के पहले ही मुख्यमंत्री ने सभी विभागीय मंत्रियों से कहा है कि वे अपने विभाग से जुड़े मुद्दों की जानकारी पूरी तैयारी के साथ रखें और विपक्ष के हर सवाल का जवाब तथ्यों के साथ दें।जानकारों की मानें तो सत्र के पहले ही दिन से सदन में गरमागरम बहस देखने को मिलेगी। कांग्रेस जहां अफसरों पर कार्रवाई में हो रही देरी और जांच को लेकर दबाव बनाएगी, वहीं भाजपा कांग्रेस शासन के घोटालों और भ्रष्टाचार के मुद्दे उठाकर जवाब देगी। ऐसे में जनता की नजरें भी इस पर टिकी हैं कि क्या वाकई उनके मुद्दों पर सार्थक चर्चा होगी या फिर सत्र केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रह जाएगा। हालांकि सत्र का कार्यकाल छोटा है, लेकिन सियासी गर्मी और दलों की आक्रामकता को देखते हुए यह तय है कि गूंज बड़ी होगी। विपक्ष अपने मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा, वहीं सत्ता पक्ष भी पूरी तैयारी के साथ विपक्ष को जवाब देने मैदान में उतर चुका है।




### विपक्ष के सभी सवालों का जवाब देने तैयार है सरकार : साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि, विपक्ष के सभी सवालों का जवाब देने सरकार तैयार है। हमने डेढ़ साल में सभी दिशाओं और हर वर्ग के लिए काम किया है। केंद्र सरकार द्वारा स्वच्छता में सात शहरों को अवार्ड के लिए शामिल किए जाने पर उन्होंने कहा कि हम स्वच्छता को लेकर लगातार काम कर रहे हैं।

# नए सिरे से बनेगी न्यू स्वागत विहार कालोनी

रायपुर,13 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

### हैंडओवर की तैयारी

न्यू स्वागत विहार डूंडा का नया ले-आउट पास हो गया है। जिन लोगों की सरकारी या नाले की जमीन बेची गई थी उन्हें भी जमीन कॉलोनी में नई जगह पर दे दी गई है। जल्द ही पूरी कॉलोनी रायपुर नगर निगम को हैंडओवर कर दी जएगी।

**प्रकाश सोनी, नायाब तहसीलदार रायपुर**

न्यू स्वागत विहार डूंडा में अपनी ही जमीन का मालिक बनने लोगों का करीब 16 साल का इंतजार अब खत्म हो गया है। कॉलोनी का नया ले-आउट पास हो गया है। तहसील अफसरों ने इस पर दावा-आपत्ति मंगाई है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से पास ले-आउट के अनुसार अब कॉलोनी का निर्माण नए सिरे से किया जाएगा। कॉलोनी में बिजली, सड़क और पानी की व्यवस्था नगर निगम करेगा। क्योंकि तहसील रिकार्ड में बदलाव के बाद पूरी कॉलोनी एक साथ निगम को हैंडओवर की जा रही है। कॉलोनी को डेवलप करने के लिए स्वागत विहार में जिन लोगों के प्लॉट हैं, निगम उनसे विकास शुल्क लेगा। न्यू स्वागत विहार की करीब 225 एकड़ जमीन पर इस कॉलोनी को बसाया जा रहा है। बिल्डर ने जिन लोगों को सरकारी जमीन, तालाब या नाले की जमीन बेच दी थी। उन सभी लोगों को इसी कॉलोनी में नई जगह पर प्लॉट आवंटित कर दिया गया है। ऐसे लोगों की नए सिरे से लगातार रजिस्ट्री भी हो रही है। अब इस पूरी जमीन का मालिक नगर निगम को बना दिया गया है। इसलिए रजिस्ट्री भी निगम के अफसर कर रहे हैं। न्यू स्वागत विहार में करीब 4 हजार लोगों ने बैंकों से लोन लेकर जमीन की खरीदी थी। बैंक लोन लेने के बाद वे न तो अपनी जमीन पर मकान बना पा रहे थे और न ही जमीन किसी और को बेच पा रहे थे। अब इस तरह की सभी समस्या खत्म कर दी गई है। एक महीने से भी कम समय में पूरी कॉलोनी निगम को हैंडओवर कर दी जाएगी। इसके बाद कॉलोनी में नए सिरे से बिजली, सड़क और पानी की व्यवस्था की जाएगी।




**कॉलोनी में गार्डन, क्लब, मंदिर की भी मंजूरी-** टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से पास नए ले-आउट के अनुसार कॉलोनी में सड़क, क्लब हाउस, मंदिर और गार्डन बनाने की भी मंजूरी दी गई है। कॉलोनी का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। नई रंगीन लाइटें लगाई जाएगी। जल्द ही निगम इस पर काम शुरू करेगा। कॉलोनी में सभी तरह के काम के लिए लोगों से विकास शुल्क लिया जाएगा। यह शुल्क प्रति फीट के अनुसार होगा। इसकी गणना जल्द ही निगम वाले करेंगे। इसके बाद सभी लोगों को डिमांड नोट जारी किया जाएगा। उन्हें इस शुल्क का भुगतान निगम को करना होगा।

# 'हिंदी बोलूंगा' कहने वाले वाले ऑटो चालक से बदसलूकी

**मुंबई,13 जुलाई।** महाराष्ट्र में भाषा को लेकर विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। यहां पर पालघर जिले में एक ऑटो चालक को मराठी विरोधी टिप्पणी के लिए पीटा गया है। यह मारपीट उद्धव ठाकरे सेना गुट के कार्यकर्ताओं ने की है। शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं द्वारा ऑटो चालक के साथ बदसलूकी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले इस ऑटो चालक का एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में एक व्यक्ति उससे पूछ रहा था कि वह मराठी क्यों नहीं बोल रहा है। इसके जवाब में यह ड्राइवर बार-बार कह रहा था कि वह हिंदी बोलेगा। पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने वीडियो देखा है लेकिन अभी तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, इसलिए अभी कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। उन्होंने वीडियो देखा है लेकिन अभी तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, इसलिए अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) के एक स्थानीय पदाधिकारी ने दावा किया कि ऑटो चालक को सबक सिखाया गया है और कहा कि मराठी भाषा और राज्य का अपमान करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पालघर के विरार इलाके में रहने वाले प्रवासी ऑटो चालक ने कथित तौर पर मराठी भाषा, महाराष्ट्र और मराठी प्रतीकों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। जिसका वीडियो भी पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बताया जाता है कि इस वीडियो में उसने बार-बार एक बात दोहराई थी कि हिंदी ही बोलूंगा।

# बिहार के वोटर लिस्ट में विदेशियों के नाम

**पटना,13 जुलाई।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले जारी मतदाता सत्यापन अभियान (एसआईआर) में बड़ा खुलासा हुआ है। निर्वाचन आयोग की ओर से कहा गया है कि बिहार के वोटर लिस्ट में बड़ी संख्या में विदेशी नागरिकों के नाम हैं जिनमें नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश के सिटीजन शामिल हैं। डोर टू डोर सत्यापन में यह भी पता चला है कि इन विदेशियों के पास वोटर कार्ड, आधार कार्ड और राशन कार्ड भी मौजूद है। निर्वाचन आयोग की ओर से कहा गया है कि फाइनल वोटर लिस्ट में इनका नाम नहीं होगा। एसआईआर का मकसद ही अवैध मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर करना है। मतदाता सत्यापन के नाम पर जारी राजनीति के बीच यह तथ्य उजागर होने से सियासी हलके में खलबली मच गई है क्योंकि कांग्रेस समेत महागठबंधन के सभी दल इस अभियान का विरोध कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि 30 सितम्बर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची से इन सबका नाम हटा दिया जाएगा। आयोग की ओर से यह भी कहा गया है कि पूरे देश



में मतदाता सत्यापन चलाया जाएगा ताकि विदेशी घुसपैठियों को जिन्होंने गलत तरीके कार्ड हासिल कर वोटर बन गये हैं लिया है, मतदाता सूची से बाहर कर दिया जाएगा। इसके लिए उनके जन्म स्थान का सत्यापन कराया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने दावा किया है कि शनिवार तक बिहार में जारी एसआईआर के तहत 80.11 प्रतिशत मतदाताओं ने अपना फॉर्म जमा करा दिया है। निर्धारित समय सीमा(25 जुलाई) तक फार्म जमा लेने का काम पूरा कर लिया जाएगा। बिहार में इसी साल अक्टूबर-नवम्बर में विधानसभा चुनाव होने वाला है। इसके मद्देनजर देश के राजनैतिक गलियारे में मतदाता पुनरीक्षण का मामला हॉट टॉपिक बन गया है। विपक्षी दल इसे रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक गए। कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को कुछ इंस्ट्रक्शन देते हुए रोक लगाने से इनकार कर दिया। अगले साल 2026 में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और वेस्ट बंगाल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे देखते हुए एसआईआर अवैध(विदेशी) वोटरों के खिलाफ बड़ा और कारगर कदम सिद्ध होने वाला है।बताते चलें कि बिहार में चल रहे मतदाता सत्यापन अभियान को रोकने के लिए 9 जुलाई को बिहार बंद किया गया जिसमें विपक्षी दलों के नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश: क्या बोइंग और जीई को मिल गई क्लीन चिट ?

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर आई एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट लगातार चर्चा में है। हालांकि इस रिपोर्ट में बोइंग 787-8 और जीई इंजन के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने का सुझाव नहीं दिया गया है।

एएआईबी की रिपोर्ट के अनुसार, "एअरबोर्न फ्लाइट रिकॉर्डर से जो डेटा निकाला गया है, इसकी विस्तार में जांच चल रही है। जांच टीम सभी पहलुओं को बारीकी से देख रही है। सभी सबूतों और रिकॉर्ड्स को खंगाला जा रहा है।" एएआईबी ने प्रारंभिक जांच में बोइंग ड्रीमलाइनर 787-8 या GEnx-1B इंजन बनाने वाले ऑपरेटर्स के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने की सिफारिश नहीं की है। अहमदाबाद प्लेन क्रैश की जांच में अमेरिका का नेशनल



ट्रांसपोर्ट सेफ्टी बोर्ड समेत बोइंग के तकनीकी एडवाइजर्स भी शामिल हैं। इसके अलावा GE और फेडरेल एविएशन प्रशासन भी जांच में सहयोग कर रहा है। एएआईबी और यूके की एक टीम ने अहमदाबाद में प्लेन क्रैश वाली साइट का दौरा भी किया है।

**फ्यूल स्विच हुआ था कटऑफ-**बता दें कि एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट में पता चला है कि फ्यूल स्विच कटऑफ होने की वजह से दोनों इंजन बंद हो गए थे, जिससे प्लेन उड़ान नहीं भर सका और कुछ दूरी पर ही क्रैश हो गया। अब तक की जांच में बोइंग 787-8 विमान में किसी खराबी का पता नहीं चला है, जो बोइंग कंपनी के लिए राहत की खबर मानी जा रही है।

**क्लीन चिट पर बना सस्पेंस-**हालांकि, जांच पूरी होने तक किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंचा जा सकता है। अब तक की जांच के अनुसार, इंजन में भी कोई खराबी नहीं थी। रिपोर्ट की मानें तो AI171 बोइंग ड्रीमलाइनर 787-8 विमान का बायां इजन 1 मई 2025 को ही इंस्टॉल किया गया था और दाहिना इंजन 26 मार्च 2025 को इंस्टॉल हुआ था।

# पहला सावन सोमवार कल

## मंदिरों में तैयारियां पूरी 0 शिवालयों में गूंजेगा 'बोल बम'

रायपुर ■ तरुण छत्तीसगढ़

श्रावण मास का पहला सोमवार 14 जुलाई को पड़ रहा है। शिवभक्तों के लिए यह दिन बेहद खास माना जाता है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर के शिवालयों में पहले सोमवार को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। कांवड़ यात्रा निकालने वाले भक्त आज रात से ही हरिहर जल स्रोतों से जल भरकर शिव मंदिरों की ओर बढ़ना शुरू कर देंगे। शहर के प्रमुख मंदिरों में भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगने की उम्मीद है।

### प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना


महादेव घाट, गुढियारी स्थित बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर, पुरानी बस्ती के गंगा महादेव मंदिर, तात्यापारा के दक्षिण मुखी शिव मंदिर और तेलीबांधा के त्रिनेत्रेश्वर महादेव मंदिर में खास सजावट की गई है। मंदिरों में भस्म आरती, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक और शाम को महाआरती की विशेष व्यवस्था की गई है।

### श्रद्धालु पहुंचेंगे कांवड़ लेकर

कांवड़ यात्रा को लेकर युवाओं और शिव भक्तों में खासा उत्साह है। रविवार शाम से ही श्रद्धालु अरंड गांव, खारुन नदी और शिवनाथ नदी से जल भरकर "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष के साथ कांवड़ लेकर निकलेंगे। शहर में जगह-जगह भंडारा, विश्राम शिविर और सेवा कैंप लगाए गए हैं। पुलिस और प्रशासन ने भी रूट डायवर्ट कर यातायात व्यवस्था के इंतजाम किए हैं। हर साल की तरह इस बार भी रायपुर सावन के पहले सोमवार को शिवभक्ति में सराबोर रहेगा। शिवालयों में घंटों की कतार, बोल बम के जयकारे, कांवड़ियों की टोलियां, और महादेव के भजन-कीर्तन से पूरा शहर हर-हर महादेव के रंग में रंग जाएगा।

### शिवभक्ति में डूबेगी राजधानी

पंडितों के अनुसार सावन का पहला सोमवार अत्यंत पुण्यकारी होता है। इस दिन व्रत और रुद्राभिषेक करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सावन का महीना भगवान शिव और माता पार्वती की उपासना और उनका आशीर्वाद पाने के लिए बड़ा ही लाभदायक माना जाता है. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सावन मास में ही भगवान शिव ने माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था. सावन के चारों सोमवार को श्रद्धा और नियम से पूजन करने पर भगवान शिव और माता पार्वती आपकी हर कठिनाई को हर सकते हैं और मनोकामना को पूरी करते हैं.



### भक्तों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के इंतजाम

पुलिस प्रशासन ने मंदिरों में सुरक्षा और व्यवस्था के लिए जवानों की तैनाती की है। मंदिर समितियों से समन्वय कर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया है। नगर निगम की टीमों को सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# एटीआर में भीषण सड़क हादसा, बाल-बाल बचे यात्री

**लोरमी,13 जुलाई।** जिले के अचानकमार टाइगर रिजर्व इलाके में भीषण सड़क हादसा हो गया. बस में सवार करीब 25 यात्री अपनी जान गवाने से बाल-बाल बच गए. हालांकि लगभग दर्जनभर लोगों को चोटें आई है. जिन्हें घटनास्थल पर प्राथमिक उपचार के बाद एम्बुलेंस के माध्यम से बिलासपुर भेजा गया. जानकारी के मुताबिक, घटना एटीआर क्षेत्र अंतर्गत लमनी इलाके के तिलईडबरा वनग्राम की है. जहां प्रतिदिन वनांचल मार्ग पर चलने वाली कैपिटल बस सर्विस में नए ड्राइवर आने के चलते अनियंत्रित होकर बस मोड़ पर पलट गई. घटना के वक्त बस में करीब 25 यात्री सवार थे. हादसे में दर्जनभर से अधिक यात्रियों को मामूली चोट आई. घटना के



बाद अफरा-तफरी मच गई. हादसे के बाद सभी यात्री एक दूसरे को सहयोग करते हुए बस के सामने कांच को तोड़कर बाहर निकल गए. इसके बाद 17 यात्री जो मदद की गुहार लगाते हुए टीम का इंतजार कर रहे थे, उन्हें राहत सामग्री प्रदान कर एंबुलेंस के माध्यम से बिलासपुर की ओर भेजा गया. घटना की सूचना पर मुंगेली जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग की टीम, जीपीएम जिला के जिम्मेदार अधिकारी और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची. घायलों को मुंगेली जिला प्रशासन सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार के बाद सुरक्षित उनके घर भेजा गया. इसके साथ ही मुंगेली जिला प्रशासन की टीम ने भोजन सहित राहत सामग्री भी पहुंचाई. वहीं अधिकारियों ने बस में सवार यात्रियों को सुरक्षित एंबुलेंस के माध्यम से बिलासपुर की ओर रवाना किया. घटनास्थल में जिले के डीपीएम गिरीश कुर्रे, जीपीएम स्वास्थ्य टीम और मुंगेली राजस्व अमले सहित एसडीएम अजीत पुजारी और वन विभाग की टीम भी मौजूद रही. जिनके प्रयास से घटना में घायल यात्रियों को त्वरित इलाज के बाद उनके घर भेजा गया.

# उपमुख्यमंत्री ने श्रमदान कर स्वच्छता ही सेवा का दिया संदेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 13 जुलाई।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार की सुबह कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के दर्री तालाब में पहुंचकर श्रमदान किया और प्रदेशवासियों को स्वच्छता का प्रेरक संदेश दिया। उपमुख्यमंत्री के साथ नगर पालिका अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी इस स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। उपमुख्यंत्री विजय शर्मा के श्रमदान में पालिका के दूसरे वार्डों के पार्षदों और गणमान्य नागरिकों ने भी अपना हाथ बढ़ाया। देखते ही देखते लोग जुटते चले गए और तालाब के चारों ओर मानव शृंखला बनाकर एकजुट होकर सफाई कार्य में लग गए। कुछ लोग जलकुंभी और कचरा निकालने में जुटे तो कुछ लोगों ने तालाब के किनारे और घाटों की सफाई की।उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, यह एक जनआंदोलन है।नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि कवर्धा नगर पालिका 'स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इस अभियान में जनता का ऐसा उत्साह देखना हमारे लिए गौरव का विषय है।

# लापता दो बच्चों को पुलिस ने नागपुर रेलवे स्टेशन से खोज निकाला और परिजनों को सौंपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 जुलाई।** पुलिस ने चंद घंटों में दो नाबालिग को खोजबीन करते हुए नागपुर रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि थाना भिलाई भट्ठी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी नाबालिग पुत्री 10 जुलाई की शाम 4 बजे घर से अपनी सहेली के साथ ट्यूशन पढ़ने निकली थी और घर वापस नहीं आयी। चूंकि दोनों लड़की नाबालिग होने से किसी अज्ञात व्यक्ति के अपहरण कर ले जाने की अंदेशा होने की रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरत को देखते अपहृता नाबालिग बालिकाओं की तलाश में तत्काल टीम गठित की इस प्रकरण की विवेचना दौरान टीम का मॉनिटरिंग नगर पुलिस अधीक्षक भिलाईनगर सत्य प्रकाश तिवारी एवं क्राइम डीएसपी अजय सिंह कर टीम ने पॉवर हाउस, दुर्ग एवं रायपुर रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैण्ड में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक किया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन में दोनों नाबालिग अपहृता को प्लेट फार्म में देखा गया टिकट काउंटर के पास कैमरा में दोनों नाबालिग लड़की टिकट लेते हुए दिखाई दिये। इसके बाद आरपीएफएवं जीआरपी को नाबालिग लड़कियों की खोजबीन के लिए सहयोग लिया जिस पर समता एक्सप्रेस को आरपीएफ की सहयोग से चेक कराया गया आरपीएफ ने नागपुर रेलवे स्टेशन का सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर दोनों नाबालिग प्लेट फार्म पर दिखाई दिये टीम ने दोनों नाबालिग को नागपुर रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद किया गया पूछताछ में दोनों नाबालिग स्वयं घर से घूमने जाना बताया इसके बाद पुलिस ने दोनों को उनके परिजनों को सौंप दिया।

## एक नजर

### शिक्षिका के घर से डेढ़ लाख की चोरी मामला दर्ज

**भिलाई, 13 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जामुल थाना क्षेत्र एक शिक्षिका के सूने न मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर में करीब डेढ़ लाख रुपए की चोरी कर फरार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 305, 331 (4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड 32 एकड़ निवासी श्रीमती शिबानी बर्मन शिक्षिका है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 जुलाई को पारिवार सहित सगाई कार्यक्रम में भोपाल गये थे पडोसी देवांगन ने घर का दरवाजा खुला होने की जानकारी दी वापस घर आकर देखा तो घर के दरवाजा का कुंडी टूटा हुआ था आलमारी के लॉकर में रखे सोने का आठ नग चुड़ी, एक सोने का लॉकेट, सोने की मोती, सोने की एक नग चेन, एक नग सोने का कान का टाप, एक नग एप्पल मैक बुक एम 2 का लैपटाप, एक हेड फोन, एक स्पीकर अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है

### कपड़ा दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरी कर रहे युवक को लोगों ने पकड़ा

**भिलाई, 13 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुपेला थाना अंतर्गत लक्ष्मी मार्केट में कपड़ा दुकान में चोरी के लिए शटर का ताला तोड़कर घुसने की कोशिश करने वाले बदमाशों को मोहल्ले के लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ305(ए), 331(4), 62, 3 (5) के तहत कार्रवाई की है सुपेला पुलिस ने बताया कि सुंदर नगर कोहका निवासी मोहम्मद सब्बीर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी लक्ष्मी मार्केट सुपेला में स्टार फैशन नाम से कपडे की दुकान है तड़के करीब 3.30 बजे उसकी दुकान के सामने रहने वाले सूरज ने कॉल कर बताया कि उसकी दुकान के पास कुछ लडके दुकान का ताला तोडने का प्रयास कर रहे हैं यह सुनकर वह अपने भाई को लेकर करीब 3.45 बजे दुकान के पास पहुंचा, लेकिन उससे पहले ही मोहल्ले के लोगों ने मिलकर चोरी करने आए चार लोगों को पकड़ लिया दुकान में जाकर देखा तो दुकान का एक ताला टूटा था एवं शटर उठा हुआ था पास में एक लोहे की राड भी दुकान के शटर के पास बाहर पड़ी थी

### सूने मकान से सोने-चांदी के जेवर पार



**भिलाई, 13 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत एक सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात सहित अन्य सामान अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस मामले में धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर कैद हो गया है पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि उत्तर वसुंधरा नगर भिलाई 03 निवासी दुष्यंत कुमार वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके ससुर का एक्सीडेंट हो जाने के कारण घर में ताला लगाकर मोरिद गया था अज्ञात चोर ने घर का दरवाजा तोड़ कर घर से होम थियेटर का पूरा सेट, 2 नग सोने का फुली, 3 नग बिछिया चांदी का कटोरी चम्मच, चांदी का चार सिक्का लडडु, गोपाल हनुमान की मूर्ति, नगद 8000 रुपए चोरी कर ले गया है।

### अपराधी दीपक नेपाली और उसके भाई ने की महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**भिलाई, 13 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गैंगस्टर दीपक नेपाली और उसके भाई लुकेश ने महिला के साथ मारपीट कर अप्राकृतिक कृत्य करने का मामला सामने आया है पुलिस ने दोनों के खिलाफधारा 294, 323, 34, 377, 498, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है जामुल पुलिस ने बताया कि महिला ने दीपक नेपाली और उसके भाई ने महिला के साथ मारपीट कर उसका दैहिक शोषण किया इसके अलावा महिला के साथ अप्राकृतिक कृत्य भी किया है महिला के साथ आरोपियों ने मारपीट कर संबंध बनाने का दबाव बनाते थे परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस में शिकायत किया है प्राथमिक जांच और पीड़िता के बयान के आधार दोनों आरोपियों के खिलाफपुलिस ने कार्रवाई किया है दीपक और लुकेश नेपाली महिला के साथ मारपीट कर दबाव बनाकर संबंध बनाया करते थे दोनों आरोपी फिलहाल फरार है। दीपक नेपाली के वैशाली नगर के एक मामले में पुलिस ने 3 हजार का इनाम घोषित भी किया है आरोपी लुकेश का एक विडियो जमकर वायरल हुआ था जिसमें तात्कालीन एसपी के खिलाफनशे में वीडियो बनाया था हाल ही में दीपक नेपाली की दो कार भी पुलिस ने जब्त किया है।

### ट्रैफिक पुलिस ने सुपेला के संडे मार्केट में अभियान चलाकर

# दर्जनभर वाहन जब्त किए,वसूला जुर्माना





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 जुलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने आज सुपेला के संडे मार्केट में अभियान चलाकर नो पार्किंग में खड़ी वाहनों पर चालानी कार्यवाही को अंजाम दिया। मौके पर वाहन चालकों ने चालानी कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूला गया।

इस दौरान मालिक के सामने नहीं आने पर दर्जन भर से अधिक दुपहिया वाहनों को क्रेन से उठवाकर ट्रेलर में रख ट्रैफिक टावर लाया गया। वहीं कई चार पहिया वाहनों पर चालान की प्रति चस्पा की गई सुपेला चौक से गदा चौक की सड़क पर लगने वाले संडे मार्केट में आज फिर एक बार ट्रैफिक पुलिस की सख्ती देखने को मिली सुबह 10 बजे के आसपास दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल और एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा के निर्देश पर ट्रैफिक टीआई मनीष शर्मा दल बल के साथ संडे मार्केट पहुंचे। इस दौरान पार्किंग के लिए खींची गई सीमा रेखा के बाहर खड़े दुपहिया और चारपहिया वाहनों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही शुरू की गई।

ट्रैफिक पुलिस की सख्ती को देख नो पार्किंग में वाहन खड़े पर खरीददारी कर रहे लोगों में हड़कंप सी मच गई सुपेला में हर रविवार को घड़ी चौक से गदा चौक की ओर गुजरने वाली सड़क पर मार्केट लगता है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा मार्केट की वजह से सड़क पर आवाजाही बाधित न हो इसके लिए दोनों ओर वाहन पार्किंग के लिए एक दायरा तय कर सीमांकन किया गया है। बावजूद इसके अनेक वाहन चालक पार्किंग के दायरे से बाहर अपने वाहनों को खड़ा करने से बाज नहीं आ रहे थे। लिहाजा सीधे आने जाने वाले वाहन चालकों को बेवजह जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा था।

# अतिक्रमण पर वन विभाग की टीम ने की कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 13 जुलाई।** वन विभाग कवर्धा द्वारा वनमण्डलाधिकारी निखिल अग्रवाल के निर्देशन और उपवनमण्डलाधिकारी सुयश धर दीवान के मार्गदर्शन में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई। पंडरिया (पूर्व) और पंडरिया (पश्चिम) क्षेत्र के वन क्षेत्र में अतिक्रमण को समाप्त करने के उद्देश्य से वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) के अंतर्गत परिसर चतरी के कक्ष क्रमांक पी.एफ527 रकबा 0.188 हे. में अतिक्रमण के तहत बनाई गई झोपड़ी को हटाया गया और अतिक्रमणकर्ता को वन क्षेत्र से बेदखल कर दिया गया।इस कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी महेन्द्र कुमार जोशी के कुशल नेतृत्व में वन विभाग के कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यवाही के दौरान देवनाथ सिदार (प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल), सुभाष चन्द्र भारद्वाज, संतोष सिंह साकत, अरूण कुमार दुबे, दिलीप कुमार चन्द्राकर, जोधन सिंह ठाकुर, वनपाल, सुदर्शन साहू, गौरीशंकर साहू, पुनाराम धुर्वे, श्रीराम गुप्ता, कु. उमेश्वरी श्याम, श्रीमति सीमा टांड़िया, विष्णु सिंह धुर्वे, वनरक्षक ने अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया और इस अभियान को सफल बनाया।वन विभाग का यह कदम वन्यजीवों और वन क्षेत्र की सुरक्षा के प्रति सरकार की गंभीरता को प्रदर्शित करता है। इस कार्यवाही के माध्यम से वन क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया गया है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

# बुजुर्ग महिला को बहकाकर सोने के कंगन की ठगी

## चार युवकों ने खुद को पुलिस बताया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 13 जुलाई।** दुर्ग के सदर बाजार इलाके में आज सुबह दो अलग-अलग मोटर साइकिल पर सवार चार युवकों ने पुलिस वाले बताकर एक बुजुर्ग महिला से सोने के चार कंगन उड़ा लिया।

पीड़ित महिला शीला जैन ( 62 साल) भोई पारा की रहने वाली है। घटना के समय वह मंदिर से अपने घर जा रही थी। समाचार लिखे जाने तक आरोपी पकड़ से बाहर हैं पुलिस सूत्रों के मुताबिक आज सुबह साढ़े 9 बजे के आसपास शीला जैन नामक बुजुर्ग महिला सदर बाजार के पास की गली से भोई पारा स्थित निवास की ओर पैदल जा रही थी। इसी दौरान राम मंदिर के पास दो अलग-अलग मोटर साइकिल पर सवार चार युवकों ने उन्हें रोका और खुद को पुलिस वाले बताकर कहा कि आगे हत्या की घटना हो गई है आप पहने हुए सोने के कंगन को निकालकर सुरक्षित रख लें। एक युवक ने लिफाफा देकर कंगन को रखने की सलाह दी।

बुजुर्ग महिला उनके बहकावे में आ गई और अपने दोनों हाथों में पहने हुए सोने के चार कंगन निकालकर लिफाफा में रखने दे दिया। तभी लिफाफे में कंगन लेकर चारों युवक मोटर साइकिल से भाग निकले वारदात की जानकारी मिलते ही दुर्ग कोतवाली थाना पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची।

पीड़िता महिला से जानकारी लेकर पुलिस ने घटनास्थल और उसके आसपास के इलाकों की जांच की पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली पुलिस ने आरोपियों का हुलिया बताकर नाकेबंदी भी की सभी पीसीआर टीमों को भी अलर्ट कर दिया लेकिन समाचार लिखे जाने तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए किया जा रहा दवा छिड़काव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 जुलाई।** डेंगू एवं मलेरिया से बचाव एवं नियंत्रण हेतु आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निर्देश जारी किये गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली और वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के के सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न वार्डों में मच्छर लार्वा की उत्पत्ति न हो उसके लिए दवा छिड़काव कार्य जारी है। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, निगम क्षेत्र में मच्छर जनित रोग डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए ऐसे सभी भू स्वामियों से अपील किए हैं। जिनके खाली प्लाट में बरसाती पानी का जमाव हो गया है तत्काल पानी की निकासी स्वतः कराएं अथवा बरसाती ठहरे पानी में जला आयल का छिड़काव कर मच्छर लार्वा नियंत्रण कार्यों में अपना सहयोग दें।

### बीएसपी नगर सेवाएं प्रबंधन को नालों की सफाई करने को कहा गया था,नहीं करने पर

# अव्यवस्था से नाराज आयुक्त ने बीएसपी को जारी की नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 13 जुलाई।** महापौर परिषद की विशेष बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार टाउनशिप क्षेत्र में स्थित नालों की सफाई नहीं कराए जाने के संबंध में निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र को चेतावनी नोटिस जारी की है।

कलेक्टर दुर्ग द्वारा पूर्व में ही टाउनशिप क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्डों में बीएसपी प्रबंधन द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, डेंगू, मलेरिया एवं जल जनित बीमारियों के रोकथाम हेतु समुचित कार्रवाई करने और बेक लेन की सफाई तथा आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्र की संपूर्ण मार्गों की साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधित पत्र एवं निर्देश दिए हैं। टाउनशिप क्षेत्र अंतर्गत नालों में जलकुंभी की सफाई बरसात के पूर्व 15 जून तक करना था, जिससे पानी के बहाव में रुकावट न हो और आसपास बस्तियों में जल भराव न हो। किंतु भिलाई इस्पात संयंत्र नगर सेवाएं प्रबंधन द्वारा सभी कार्य नहीं कराए गए हैं। टाउनशिप क्षेत्र में स्थित नाला की जलकुंभी निगम क्षेत्र अंतर्गत बरसाती पानी में बहकर आने से जुनवानी, कोसानाला पुलिया में फंस जाने से सेक्टर 6 भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास बौद्ध भूमि, प्रियदर्शनी परिसर, कोसा नगर, कोसा नगर रेसने आवास, गांधीनगर एवं विनोबा नगर में नाला के आसपास की बस्ती एवं घरों में पानी भर गया।

इस तरह की स्थिति निर्मित होने से आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा है और प्रभावित लोगों का नुकसान भी हुआ है। जनहानि की आशंका बनी है जिससे प्रशासन की छवि धूमिल हुई है। टाउनशिप क्षेत्र के नालों एवं बेक लेन की सफाई व्यवस्था जल्द सुधारने हेतु चेतावनी दी गई है अन्यथा जिम्मेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई होगी।

## समाचार संक्षेप

### मौसम का पारा चढ़ा, अगले 5 दिनों तक वर्षा की गतिविधि में कमी के आसार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 13 जुलाई।** पिछले दो दिनों से बारिश की गतिविधियां कम हुयी हैं जिससे जल भराव वाली निचली बस्तियों में स्थिति राहत भरी रही। इधर सूरज-बादलों की लुकाछिपी के बीच पारा चढ़ गया है और उमस भरी गर्मी का वातावरण है। इन सबके बीच मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 5 दिनों तक मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में वर्षा की गतिविधि में कमी होने की संभावना व्यक्त की है। साथ ही कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की भविष्यवाणी भी गयी है। पिछले 24 घंटों के दौरान देखें तो दुर्ग संभाग के अनेक जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई है। मौसम विभाग के सिनेप्टिक सिस्टम में औसत समुद्र तल पर मानसून की द्रोणिका अब सूरतगढ़, सीकर, ग्वालियर, सिद्धि, डाल्टनगंज, कोंटाई और फिर दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में ऊपरी हवा में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है, जो समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। उत्तरी हरियाणा से से दक्षिणी उत्तर प्रदेश होते हुए उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाडी तक एक कम दबाव का क्षेत्र, उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश और उसके आसपास, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल के ऊपर समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। जिससे पूर्वानुमान है कि आज-कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने सकती है। चेतावनी जारी की गयी है कि प्रदेश में एक-दो स्थानों पर मेघ गर्जन होने की संभावनाहै।13 जुलाई को आकाश मेघमय रहने के साथ कुछ स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 34एष्ट और 26एष्ट के आसपास रहने की संभावना है। दुर्ग संभाग में अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस रहा जोकि सामान्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 23.0 दर्ज किया गया जो सामान्य से 0.9 डिसे. कम है। सापेक्षिक आर्द्रता 81-66 दर्ज की गयी।

### शिवपुरी तर्पण परिसर में रोपे गए अमलतास एवं गुलमोहर सहित औषधीय पौधे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 13 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर पूरे देश में चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शिवपुरी तर्पण प्रांगण में नीम, पारस, पीपल, करण, अमलतास, गुलमोहर के पौधे लगाए गए। जन्मदिन पर वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश की बिटिया द्वारा भी वृक्षारोपण के माध्यम से शुभकामनाएं दी गयीं। जिसमें मुख्य रूप से जामुल नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद रेखराम बंछोर, जामुल मंडल अध्यक्ष बंटी प्रशांत गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव, शाला विकास समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण क्षत्रिय, बी आर रामटेके, शिवपुरी प्रांगण तर्पण से मुख्य रूप से सुचारू करने वाले सरस बर्मन, जूनियर ओमप्रकाश, दीपक सिंह, मेघनाथ साहू, जगदीश देवांगन पटेल, धनेश्वर गौतम, विनय सिंह, शिव वर्मा, डॉ सुखराम साहू के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने बड़े नालों सहित टूटी पाइप लाइन का किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 जुलाई।** जुनवानी रोड स्थित नाले में टूटी सप्लाई लाइन सहित चल रहे सफाई कार्य का निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थल पर मौजूद जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना को निर्देशित किए कि सभी बड़े नालों सहित छोटे नालों का विशेष अभियान चलाकर सफाई कराया जाए। 3 दिवस पूर्व भारी बारिश के कारण नाला में टूटे सप्लाई लाइन का तत्काल सुधार हेतु सहायक अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा को निगम आयुक्त ने निर्देशित किये हैं। पाइप लाइन सुधार कार्य में 2 दिन लगने की संभावना है। जिससे कोहका स्थित हाउसिंग बोर्ड के सभी घरों में समयानुसार पानी मिलने लगेगा। पाइप लाइन टूटने के पश्चात तात्कालिक व्यवस्था के रूप में टैंकर से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इंदु आईटी स्कूल के सामने नाला, शांति नगर नाला में सफाई गैंग लगाकर कार्य कराया जा रहा है। सुपेला गदा चौक नाला एवं पुल चौड़ाई बढ़ाने हेतु किए गए कार्य का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान पार्षद मनोज अग्रवाल, नोहर वर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, किस्टोफर पॉल एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कृषि साख सहकारी समिति के कर्मियों ने 70 पौधे लगाए



**सिमगा।** कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सिमगा एक पेड़ मां के नाम योजना कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सिमगा पंजीयन क्रमांक 1509 एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत सिमगा के कृषि साख सहकारी समिति के द्वारा 70 वृक्षों का पौधा रोपण किया गया पौधा रोपण के समय सिमगा के कृषि साख सहकारी समिति के समस्त कर्मचारियों द्वारा पौधा रोपण किया गया जिसमें निम्न वृक्ष पौधों का रोपण नाम करंट शीशम गुलमोहर कटहल जामुन जाम मेहंदी आदि है वृक्ष पौधा रोपण के समय उपस्थित कर्मचारियों के नाम अध्यक्ष छोटे लाल यदु समिति प्रभारी श्रीमती मंजुला शर्मा सोहन लाल साहू रामसनेही यादव राजकुमार कोसले नीलकमल निषाद लखन यदु विष्णु प्रसाद बंजारे नारायणी शर्मा कुमारी रश्मि भट्ट अवध यादव वह अमित भट्ट उपस्थित थे एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत वृक्ष का पौधा रोपण कृषि साथ सहकारी समिति सिमगा के द्वारा किया गया।

### जिला प्रशासन की टीम ने हटाए अवैध अतिक्रमण

**राजनांदगांव।** नगर निगम, जिला प्रशासन व यातायात की टीम शहर को व्यवस्थित एवं अतिक्रमण मुक्त करने अभियान चला रही है। अभियान के तहत् आज प्रशासन की अतिक्रमण हटाओं टीम फ्लाई ओव्हर के नीचे पुराना बस स्टैण्ड चौक से भगत सिंह चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किए। कार्यवाही के दौरान निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा उपस्थित रहकर टीम का उत्साहवर्धन कर ठेला खोमचा वालों को स्वयं हटाने समझाईस दिए। शहर में सुगम आवागमन एवं अतिक्रमण मुक्त करने प्रशासन की टीम जिलाधीश डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर बाजार क्षेत्र के दुकानों का सामान बाहर रखने पर उसे दुकान के अंदर रखने तथा दुकान के बाहर लगे शेड हटाने समझाईस दिए थे। समझाईस उपरांत गुड़ाखु लाईन, जूनी हटरी से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई और आज फ्लाई ओव्हर के नीचे पुराना बस स्टैण्ड चौक से भगत सिंह चौक तक दुकान तथा ठेला खोमचा हटाया गया।

### वनाधिकार पत्र पर कार्यशाला



**बलौदाबाजार।** जनपद पंचायत कार्यालय कसडोल में शनिवार को वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत फौत एवं नामांतरण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डीएफओ गणवीर धम्मशील , एसडीएम, तहसीलदार एवं सभी एसडीओ (वन), परिक्षेत्र अधिकारीगण एवं प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल उपस्थित रहे। कार्यशाला में डीएफओ एवं एसडीएम के द्वारा नामांतरण की प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया और फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव दिए गए। इसके साथ ही वनाधिकार पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों का अनुभाग स्तरीय समिति में संविक्षा एवं आगे की कार्यवाही के सम्बन्ध में भी दिशा निर्देश दिये गए। कार्यशाला में वनाधिकार अधिनियम पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### एकलव्य विद्यालय में पौधे लगाए




**बलौदाबाजार।** एकलव्य आवासीय विद्यालय सोनाखान में शनिवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण एवं सफाई अभियान चलाया गया। एसडीएम आर. आर. दुबे सहित अधिकारी- कर्मचारी, शिक्षकों एवं स्कूली बच्चों ने पौधरोपण किया। इसके साथ ही स्कूल परिसर की साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया गया। एसडीएम श्री दुबे ने स्कूल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। उन्होने बच्चों के कक्षा में उनसे संवाद किया और पढ़ाई की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा किये। इस दौरान उन्होने बच्चों को अपना पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाने तथा लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने की समजाईश दिये।

### मुरुम तालाब के सौन्दर्यीकरण सहित बढ़ाई जाएगी जनसुविधाएं

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार नगर के प्रमुख एवं प्राइम लोकेशन पर स्थित मुरुम तालाब का सौन्दर्यीकरण के साथ ही वहां पर अनेक जनसुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। ठेलो व गुमटी संचालन को व्यवस्थित करनें के लिए यहां फूड वेंडिंग जोन बनाये जयेंगे। इसके साथ ही बच्चों के खेलने के लिए प्ले एरिया व गार्डन भी विकसित किये जाएंगे। कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन नें शनिवार को मुरुम तालाब का भ्रमण कर जायजा लिया।

# बीआरसी ने बिना लिखित आदेश के जारी कर दिया संकुल को फरमान

## रिक्त संकुल की जगह सभी संकुल समन्वयकों को भेजा गया प्रस्ताव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरिया।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा जिला राजनांदगांव के ज्ञापन क्र. 316/एसएस/संकुल/2025 को दिनांक 20/06/2025 को राजनांदगांव जिले के समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को संकुल शैक्षिक समन्वयक के पद हेतु प्रस्ताव मंगाया गया जिसमें जिले में संचालित शासकीय शालाओं एवं शालाओं में कार्यरत शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के पश्चात रिक्त संकुल शैक्षिक समन्वयकों के पद का प्रभार सौंपने एवं वर्तमान में कार्यरत संकुल शैक्षिक समन्वयक हेतु जो उच्च वर्ग शिक्षक/प्रधान पाठक नहीं है उनके स्थान पर भी प्रस्ताव मंगाया था जिसमें साथ में शिक्षक की आवश्यक योग्यता का विवरण भी दिया गया है।

**विकासखंड स्त्रोत समन्वयक छुरिया का बगैर आदेश कापी के सिर्फ आदेशानुसार फ़रमान**

विकासखंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा संकुल समन्वयक हेतु प्रस्ताव आदेश क्रमांक/364/एसएस/संकुल/2025 दिनांक 10/07/25 के आदेशानुसार संकुल शैक्षिक समन्वयक के पद हेतु प्रस्ताव भेजने के लिये छुरिया के समस्त 43 संकुल के लिये आदेश जारी कर दिया गया है जबकि कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा जिला राजनांदगांव के द्वारा सिर्फ रिक्त संकुलों से प्रस्ताव मंगाने हेतु आदेशित किया गया है। लेकिन

विकासखंड स्त्रोत समन्वयक छुरिया के अधिकारी से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि अपने राजनांदगांव के उच्च अधिकारी से वाट्स एप पर मिले मौखिक निर्देश के अनुसार उन्होंने छुरिया के समस्त 43 संकुल के लिये आदेश जारी किया है। जबकि छुरिया संकुल में लगभग 16 से 20 संकुल ही रिक्त हैं। अब यह बात समझ से परे है कि कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा जिला राजनांदगांव के ज्ञापन को अनदेखा कर अपनी मर्जी से उच्च अधिकारी से वाट्स एप पर मिले निर्देश के अनुसार आदेश जारी कर दिया गया जबकि शासकीय कार्य लिखित आदेश में किया जाता है, एक बात और देखने वाली यह है कि कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा जिला राजनांदगांव से ज्ञापन दिनांक 20/06/2025 को जारी हुआ था तो विकासखंड स्त्रोत समन्वयक छुरिया द्वारा 10/07/2025 को आखिर 20 दिनों तक जिले से आया आदेश विकासखंड स्त्रोत समन्वयक छुरिया में क्या कर रहा था।

इस संबंध में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक छुरिया के अधिकारी द्वारा कोई ठोस और संतुष्टिप्रद जवाब नहीं दिया गया। सूत्रों से यह बात भी सामने आई है कि कलेक्टर के इस आदेश का जिले के अन्य विकासखंडों में अक्षरशः पालन करते हुए सिर्फ रिक्त संकुल एवं निम्न योग्यता वाले संकुलों की जानकारी दी गई है किंतु सिर्फ छुरिया में आदेश की अवहेलना कर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा निम्न योग्यता वाले शिक्षकों और गलत आदेश को जारी कर जानकारी भेजी गई है।

# 40 वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई, वसूला गया जुर्माना



**बलौदाबाजार-भाटापारा।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 40 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 15,000 समन शुल्क वसूला गया है। हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 19 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 9500 समन शुल्क वसूल किया गया है। दिनांक 11.07.2025 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 105 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 52,300 समन शुल्क वसूल किया गया है।

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें।

# एसपी के नाम से फर्जी आईडी बनाकर ठगी, आरक्षक गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। बलौदा बाजार की स्पेशल टीम ने सायबर ठगी मामले में पुलिस आरक्षक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरक्षक पर ढाई करोड़ से ज्यादा की ठगी करने का आरोप है। आरोपी ने कई म्यूल अकाउंट से भी ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरक्षक का नाम हेमंत नायक है। आरोपी हेमंत ने ठगी करने के लिए एसपी के नाम से फर्जी इमेल बनाकर रखी थी। आरोपी पहले बिजनेसमैन बिल्डरों के खातों की जानकारी लेकर उन्हें फ्रिज करता था और उसके बाद एसपी बनकर खतों को अनफ्रिज करने के एवज में उनसे मोटी रकम वसूलता था। आरोपी ने अब तक ढाई करोड़ से ज्यादा की ठगी की है।

# शाला संचालन के लिए बाल कैबिनेट आवश्यक

■ मिडिल कल्लूबंजारी में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



**छुरिया।** गत शनिवार को बैगलेस डे पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के नव गठित बाल कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह वृक्षारोपण के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व माध्यमिक शाला बूचाटोला के प्रधानपाठक ए.आर.साहू थे।अध्यक्षता स्थानीय संस्था के प्रधानपाठक यु. एस. मंडावी ने किया।विशेष अतिथि डी.के.कुरेटी, ए.एस. ठाकुर, सी.एल. भुआर्य, जे.एन. नेताम एवं सी.एस.उइके रहे। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि ए.आर.साहू ने कहा कि जिस तरह से देश व राज्य की व्यवस्था की सुचारू संचालन के लिए केन्द्रीय व राज्य मंत्रीमंडल की आवश्यकता पड़ती है। अध्यक्ष की आसंदी से संस्था के प्रधानपाठक यु. एस. मंडावी ने कहा कि बालकेबिनेट के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण अपने पदीय दायित्वों का पूरी ईमानदारी के साथ तन्मयता से काम करेंगे तभी विद्यालयीन कार्यों का सही संचालन संभव हो पायेगा।

# छत्तीसगढ़ की पहली जनमन मॉडल आवास कॉलोनी का मंत्री नेताम ने किया निरीक्षण

■ कमार समुदायिक भवन, देवगुड़ी निर्माण, तथा मसानडबरा में प्रशिक्षण केंद्र खोलने की घोषणा



**नगरी।** प्रदेश के कृषि एवं आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री राम विचार नेताम ने आज धमतरी जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत सांकरा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम मसानडबरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लिए बनाई जा रही छत्तीसगढ़ की पहली जनमन आवास कॉलोनी का निरीक्षण किया। बता दें कि इस माडल जन-मन आवास में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सार्वा का महत्व पूर्ण योगदान है।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री नेताम ने ग्रामीणों के बीच बैठकर शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और लाभान्वितों की संतृप्ति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कमार जनजाति के लोगों को आजीविका उन्नयन गतिविधियों से जोड़ा जाए, जिससे वे मुख्यधारा में आकर आर्थिक रूप से सक्षम बन सकें। उन्होंने कमारो के आजीविका के विकास के लिए कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियो कों दिए. इस अवसर पर श्री नेताम ने कमार समुदायिक भवन, देवगुड़ी निर्माण, तथा मसानडबरा में कमार जनजाति हेतु प्रशिक्षण केंद्र खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि देश की विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास हेतु प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई जनमन आवास योजना एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जिला पंचायत सीईओ धमतरी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गांजा बेचने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** दिनांक 13.05.2025 को बलौदाबाजार लवन रोड स्थित लक्की परिसर स्थित अमेजन कार्यालय में एक सील बंद कार्टून संदिग्ध अवस्था में रखे होने की सूचना प्राप्त हुआ। कि सूचना पर पुलिस द्वारा जांच कार्यवाही किया गया, जिसमें अमेजॉन ऑफिस में एक सील बंद कार्टून मिला जिसमें शीप टू लिखा होकर प्राप्तकर्ता का पता दर्ज था। कार्टून के अंदर दो सील बंद पैकेट मिले जिन्हें खोलकर देखने पर गांजा जैसा मादक पदार्थ होना पाया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना के दौरान अमेजॉन शिपमेंट इन्फो की जानकारी कान्ट्री मैनेजर अमेजॉन ऑफइंडिया वेस्ट बंगलोर कर्नाटक से प्राप्त किया गया, जिसमें डिलीवरी डिटेल प्राप्तकर्ता का पता बलौदाबाजार लवन एवं एक मोबाइल नंबर दर्ज होना लेख पाया गया। उक्त मोबाइल नंबर का तकनीकी विश्लेषण पर आरोपी मोबाइल नंबर धारक राकेश साहू की पतासाजी करते हुए उसे हिरासत में लिया गया। आरोपी से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें उसके द्वारा अपने एक अन्य आरोपी सांथी के साथ मिलकर अवैध मादक पदार्थ गांजा खरीदना तथा गांजा खरीदी बिक्री करने हेतु अपने मोबाइल नंबर का उपयोग किया जाना स्वीकार किया गया।

# जशपुर में बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न




**जशपुरनगर।** जिला पंचायत, जशपुर के सभागार में बिहान योजना अंतर्गत बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में बैंकर्स, बीपीएम एरिया कोऑर्डिनेटर, बीमा सखी, पी आर पी एवं अन्य फील्ड स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यशाला में बिहान की अवधारणा, समूह क्रेडिट लिंकेज, इंटरप्राइज फाइनेंस, बीसी सखी मॉडल, बीमा योजनाएं, एन पी ए का निराकरण, एवं कमेटी की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई और समूहों में वित्तीय साक्षरता बढ़ाने, बैंक से जोड़ने और आवश्यक दस्तावेज़ीकरण में सहयोग हेतु प्रशिक्षित किया गया। उक्त कार्यशाला का सफल संचालन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जशपुर अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में एन आर पी बी. एम. पटनायक, एलडीएम वाल्टर भेंगरा, एनआरएलएम विजय शरण प्रसाद, डीपीएम अमीन खान, डीएच साधन अखिल पारासेट,अन्य एन आर एल एम सहयोगी स्टाफ विकाश सोनी, हरि यादव, सूरज कुमार एवं नवीन भगत के सहयोग से संपन्न किया गया।कार्यशाला का उद्देश्य बैंकर्स एवं फील्ड स्टाफ को बिहान योजना से जुड़े वित्तीय पहलुओं की जानकारी प्रदान करना था, जिससे वे अपने कार्यक्षेत्र में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।

# गुणवत्ताहीन सड़क को लेकर युकांइयों ने किया चक्काजाम



**मोहला।** राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में झलमला से लेकर कोहका तक बन रहे सड़क निर्माण में हो रहे अनियमितता एवं गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के विरोध में जिला युवा कांग्रेस मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के द्वारा इरागांव-कहगांव के मध्य पुलिया के पास चक्का जाम किया। जहां गत दिवस बारिश के दौरान घटिया निर्माण कार्य के चलते पुलिया का अप्रोच वाल किसान के फसल में गिर गया था। गनीमत रहा कि एप्रोच वाल रात में गिरा, दिन में गिरने से बड़ी जानमाल की हानि हो सकती थी। युकां के द्वारा शुक्रवार मानपुर के बस स्टैंड में सड़को पर जगह जगह गढ्ढे एवं गुणवत्ताहीन पुलिया निर्माण को लेकर छाया चित्र का प्रदर्शनी भी किया गया था एवं चक्काजाम का अल्टीमेटम दिया गया था। युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनीष निर्मल ने कहा कि आगे भी ऐसे सड़क के दुर्दशा होने पर पदयात्रा कर शासन प्रशासन को जगाने का कार्य करेंगे। मौके पर मौजूद क्षेत्रीय विधायक इंद्र शाह मंडावी ने कहा कि ये सरकार पहले से रोजगार विरोधी किसान विरोध, शिक्षा विरोधी तो है ही और अब विकास कार्यो के भी विरोधी हो रही है। अनुविभागीय अधिकारी अमित नाथ योगी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण, किसान को फसल नुकसान का मुआवजा एवं किसानों के आवाजाही हेतु सड़क निर्माण का मांग हेतु ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम पर शासन प्रशासन चौकन्ना रही। पुलिस बल के साथ एसडीओपी, एस डी एम सहित प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। सड़क के दोनों ओर लंबी दूरी तक गाड़िया खड़ी रही। इस अवसर पर जनपद सदस्य सईदा खान, जिला पंचायत सदस्य सुशीला भंडारी जनपद उपाध्यक्ष देवा कौशिक, सभापति राजु पोटाई,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लच्छू साबले,कांग्रेस नेता अवध चुरेंद्र ,मिलाप डोगरे,युकां अजय राजपूत, सरपंच करण बोगा,शुकलाल उसेंडी, युवा नेता रिशभ ठाकुर,युकां अध्यक्ष सागर सिन्हा डोमन भुआर्य, सज्जाद खां,हस्ढ्ढ विधानसभा अध्यक्ष तनुज मंडल,ब्लॉक अध्यक्ष मोनु मंडावी, आंनद नायक,सत्या सिन्हा के साथ युवां कांग्रेस के साथी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### अभिभावक की तरह बच्चों की देखभाल कर बेहतर शिक्षा दें : कलेक्टर

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी नें शनिवार को नोडल व अधीक्षकों की बैठक लेकर आश्रम -छात्रावास में व्यवस्था एवं बच्चों की शिक्षा की समीक्षा की। उन्होंने छात्रावास में बच्चों की देखभाल संवेदनशीलतापूर्वक और एक अभिभावक की तरह सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर करने के निर्देश दिये। कलेक्टर नें आश्रम छात्रावास के बच्चों का विगत वर्ष कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए जानकारी ली। उन्होंने 10 वीं व 12 वीं में जिन छात्रावास में शत प्रतिशत परिणाम थे उनके अधीक्षकों की सराहना करते हुए शेष अधीक्षकों को उनसे प्रेरणा लेने कहा। उन्होंने आगामी शैक्षणिक सत्र में सभी आश्रम- छात्रावास के बच्चों का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत लाने अभी से जरुरी कार्ययोजना बनाने कहा।

# मदनवाड़ा नक्सल घटना में शहीद जवानों को रक्षित केंद्र मोहला में दी गई श्रद्धांजलि

■ 12 जुलाई 2009 को नक्सलियों ने की थी कायराना करतूत



**मोहला।** 12 जुलाई 2009 को अविभाजित राजनांदगांव जिला के थांना मॉनपुर के कोरकोट्टी में नक्सलियों द्वारा घात लगाकर किये हमले में स्व0 विनोद चौबे तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के साथ कुल 29 जवान माओवादियों के कायराना करतूत के वजह से शहीद हो गये थे द्य वीर शहीदों की सर्वोच्च शहादत को सम्मान देने आज 12.07.2025 को शाहदत की 16 वी पुण्यतिथि पर 16 वी श्रद्धांजलि सभा रक्षित केंद्र मोहला के अमर जवान स्थल पर आयोजित किया गया । श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक श्री वाई.पी. सिंह, सेनानी आईटीबीपी 27वी वाहिनी श्री विवेक पांडेय, द्वितीय कमान आईटीबीपी 44 वीं वाहिनी श्री सिद्दीकी पी.पी. की उपस्थिति में जिला पुलिस बल मोहला के अधिकारी जवान एवं स्कूली छात्र छात्राओं मानपुर द्वारा श्रद्धासुमन पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पितांबर पटेल, पुलिस अनुवभागीय अधिकारी अंबागढ़ चौकी ताजेश्वर दीवान, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मानपुर प्रशांत पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती भारती चंद्राकर, एसडीएम मोहला हेमेंद्र भुआर्य, रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप, थाना प्रभारी मोहला निरीक्षक कपिल देव चंद्रा, थाना अम्बागढ़ चौकी प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर , थाना प्रभारी गोटाटोला संदीप टोप्पो , डीआरजी, आईटीबीपी एवं जिला पुलिस बल के अधिकारी/कर्मचारी के साथ मोहला के ग्रामवासी भी उपस्थित रहें।

# मशीन से धान का रोपा लगा रहे किसान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव को जानकारी मिली कि ग्राम पैरी टोला में भारत ठाकुर किसान अपने लगभग 18 एकड़ खेत में मशीन द्वारा धान की रोपाई कार्य कर रहे हैं। आज जिला पंचायत अध्यक्ष किसान भारत ठाकुर के खेत पहुंची।व किसान के खेत में धान की रोपाई के दौरान मुलाकात की व किसान को मशीन से धान की रोपाई व आधुनिक खेती के ओर अग्रसर होने के लिए मुंह मीठा करा कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनपद सदस्य उमयराम मंडावी व ग्राम के संरपच ललित साहु व कृषि विकास अधिकारी सुदेश पटेल भी उपस्थित थे। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि मशीन द्वारा धान की रोपा लगाना एक आधुनिक कृषि तकनीक है जो धान की रोपाई के काम को आसान और कुशल बनाती है। आज के नये युग में आधुनिक कृषि की आवश्यकता भी है। भारत सरकार द्वारा मशीन लेने पर लगभग 4 लाख रू तक अनुदान भी दिया जाता है।जो किसान भाईयों के मशीन खरीदी लिए एक अच्छा माध्यम है।साथ ही इस अवसर पर जग्गु चन्द्रवंशी, ईश्वर साहु,गौकरण नेताम, तेजराम,लखन, अशोक सेन,मोनेश साहु उपस्थित थे।

# अमिताभ से लेकर टाइगर तक के साथ किया काम इन बॉलीवुड फिल्मों में नजर आए थे श्रीनिवास राव

साउथ फिल्मों के जाने-माने अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव का आज रविवार को निधन हो गया। अभिनेता ने साउथ के अलावा कई बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया था। आइए जानते हैं उन फिल्मों के बारे में। कोटा श्रीनिवास राव सिनेमाई दुनिया के उन दिग्गज अभिनेताओं में शुमार थे, जिन्हें साउथ से लेकर बॉलीवुड फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता था। अभिनेता के निधन से पूरे मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। बॉलीवुड इंडस्ट्री के कई दिग्गज कलाकारों के साथ भी दिवंगत अभिनेता ने काम किया था, जिसमें अमिताभ बच्चन से लेकर टाइगर श्रॉफ तक के नाम शामिल हैं।

**प्रतिघात**-साल 1987 में रिलीज हुई फिल्म 'प्रतिघात' का निर्देशन एन.चंद्रा ने किया था। कोटा श्रीनिवास के बॉलीवुड करियर की यह पहली फिल्म थी। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में सुजाता मेहता नजर आई थीं।

**सरकार**-अमिताभ बच्चन अभिनीत 'सरकार' फिल्म 2005 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कोटा श्रीनिवास नजर आए थे और उन्होंने इसमें सेल्वर मनी की भूमिका निभाई थी। फिल्म का निर्देशन राम गोपाल वर्मा ने किया था, जो एक एक्शन-थ्रिलर मूवी थी। इसमें कोटा श्रीनिवास के अलावा कई दिग्गज एक्टर्स शामिल रहे, जिनमें अभिषेक बच्चन, केके मेनन, कैटरीना कैफ जैसे नाम थे।

**दरवाजा बंद रखो**-साल 2006 में एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'दरवाजा बंद रखो' रिलीज हुई। इसमें कोटा श्रीनिवास राव ने एक जानवर के डॉक्टर का किरदार निभाया था, जिनका नाम डॉक्टर उमापति था। जेडी चक्रवर्ती के निर्देशन में इस फिल्म का निर्माण किया गया था। फिल्म की कहानी चार बदमाशों के इर्द-गिर्द घूमती है।

**डार्लिंग**-राम गोपाल वर्मा के निर्देशन में ही साल 2007 में 'डार्लिंग' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कोटा श्रीनिवास राव ने सायकैट्रिस्ट की भूमिका



निभाई थी। फिल्म में फरदीन खान, ईशा देओल आदि कलाकार भी मौजूद थे।

**लक**-बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय दत्त की फिल्म 'लक' 2009 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म दर्शकों द्वारा काफी पसंद की गई थी। फिल्म में कोटा श्रीनिवास राव ने स्वामी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में दिवंगत अभिनेता के अलावा इमरान खान, मिथुन चक्रवर्ती, श्रुति हासन जैसे कलाकार नजर आए थे।

**रक्त चरित्र**-विवेक ओबरॉय और सूर्या अभिनीत 'रक्त चरित्र' 2010 में रिलीज हुई थी, जिसमें दिवंगत अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव ने राजिदी नागमणि रेड्डी की भूमिका निभाई थी। इसके अलावा अभिनेता 'रक्त चरित्र 2' में भी नजर आए थे।

**बागी**-टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर अभिनीत 'बागी' में भी कोटा श्रीनिवास राव ने भूमिका अदा की थी। उन्होंने फिल्म में दसन्ना का किरदार निभाया था। यह फिल्म 2016 में रिलीज हुई थी, जो दिवंगत एक्टर की आखिरी बॉलीवुड फिल्म थी। फिल्म का निर्देशन सब्बीर खान ने किया था।



*बॉलीवुड और टीवी की पॉपुलर हसीना मौनी रॉय ने एक बार फिर अपने बिकिनी लुक से इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है. हर कोई उनके हुस्न के दीवाने बन चुके हैं. आप भी डालिए एक्ट्रेस की तस्वीरों पर एक नजर.*

# बिकनी पहन समंदर में जलपरी जैसे उतरीं मौनी रॉय

मौनी रॉय किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो एक्टिंग के साथ-साथ अपने ग्लैमर से भी सभी का ध्यान खींच लेती हैं। उनका एक मियामी का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो बिकनी पहने समंदर किनारे अठखेलियां करती दिख रही हैं। पर यूजर्स को उनका ये अंदाज पसंद नहीं आ रहा है!

मौनी रॉय टीवी की दुनिया की फेमस एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपनी शुरुआत साल 2006 में एकता कपूर के सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से की थी। तब से लेकर अब तक उन्होंने एक लंबा सफर तय किया है। उनके लुक्स को लेकर लोग तरह-तरह की बातें बनाते हैं। कहते हैं कि जब वो आई थीं और अब, उनमें जमीन-आसमान का अंतर है। कोई कहता है कि उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी कराई है तो किसी को लगता है कि वो बहुत ज्यादा ही पतली हैं। अब उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो बिकनी में हैं और समंदर में किसी खूबसूरत जलपरी जैसी दिख रही हैं। फैंस को उनका ये अंदाज खूब पसंद आ रहा है, लेकिन कुछ लोग मुंह बना रहे हैं। Mouni Roy का ये वीडियो मियामी का बताया जा रहा है। वो बिकनी और आंखों में काला चश्मा लगाए समंदर में अठखेलियां कर रही हैं। फैंस को वो बला की खूबसूरत लग रही हैं, पर यूजर्स नाक-भौंह सिकोड़ रहे हैं। 38 साल की मौनी के वीडियो पर एक यूजर ने लिखा, 'इतना पैसा आने के बाद खाना-पीना सही ना हो तो क्या फायदा इतने पैसों का... फिटनेस का मतलब ये नहीं कि हड्डी रानी बन जाओ।' दूसरे यूजर ने कॉमेंट किया, 'हाय हाय कुपोषित की शिकार बेचारी।' अन्य ने लिखा, 'यकीन करोगे अगर प्लास्टिक सर्जरी नहीं होता तो इन लोगों का क्या होता जिंदगी का।'

**'नागिन' और 'महादेव' से मिली पहचान**-मौनी रॉय ने 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' सीरियल में कृष्णा तुलसी का किरदार निभाया था। उनके साथ पुलकित सम्राट और आकाशदीप सहगल भी थे। शोज के अलावा वो रिएलिटी शोज का भी हिस्सा रही हैं। उन्हें 'जरा नचके दिखा' सीजन 1 में देखा गया। इसके बाद वो 'कस्तूरी' सीरियल में शिवानी सभ्रवाल के रोल में नजर आईं। फिर 2008 में 'पति पत्नी और वो' में हिस्सा लिया। हालांकि, मौनी को 'नागिन' और 'देवों के देव... महादेव' जैसे सीरियल से जबरदस्त पॉप्युलैरिटी मिली।

टीवी के साथ-साथ मौनी ने बॉलीवुड में भी किस्मत आजमाई। उन्हें पिछली बार रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और अमिताभ बच्चन के साथ 'ब्रह्मास्त्र' में जुनून के किरदार में देखा गया था। अब वो 'The वरGIN Tree' में नजर आएंगी। वो 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' वेब सीरीज में भी नजर आई थीं।

**सूरज नाम्बियार से की है शादी**-पर्सनल लाइफ की बात करें तो मौनी ने दुबई-बेस्ड बिजनेसमैन सूरज नाम्बियार से जनवरी 2022 में शादी की थी। उन्होंने बंगाली और मलयाली रीति-रिवात से पणजी, गोवा में एक-दूसरे का हाथ थामा था।

# 40 साल की अंकिता लोखंडे ने कभी बालकनी में तो कभी सोफे पर दिखाई नजाकत

अंकिता लोखंडे ने बार-बार साबित किया है कि वह अपने स्टाइल से किसी भी आउटफिट में चार चांद लगा सकती हैं। शनिवार को भी, एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की, जिसमें वह एक स्टाइलिश ड्रेस में नजर आईं। अंकिता ने गुलाबी रंग के फ्लोरल प्रिंटेड आउटफिट और प्लंजिंग नेकलाइन में अपने क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए दिखाया। उन्होंने अपने बाल खुले रखे, एक्सेसरीज नहीं पहनीं और हमेशा की तरह बेहद खूबसूरत लग रही थीं।

अपनी तस्वीरों के कैप्शन में, अंकिता लोखंडे ने लिखा, 'वह उसी दिन खिल उठी जिस दिन उसने खुद को पहले सींचने का फैसला किया। अब और इंतजार नहीं, अब और समझौता नहीं। सम्मान भीख में नहीं मिलता, यह साकार होता है। और प्यार—सच्चा प्यार—भीतर से शुरू होता है।'

**अंकिता लोखंडे की हसीन फोटोज**-कहने की जरूरत नहीं कि अंकिता के हॉट लुक से फैन्स बेहद इंप्रेस हैं। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने एक्ट्रेस की पोस्ट के कमेंट सेक्शन में जाकर उनके लुक की तारीफ की। एक फैन ने लिखा- वाह, कितनी खूबसूरत और क्यूट दी। एक और ने लिखा- बहुत हॉट अंकिता दी। एक और यूजर ने उन्हें 'स्टनिंग' और 'हॉट' कहा। कई और लोगों ने कमेंट बॉक्स में फायर इमोजी भी शेयर किए। वहीं, कुछ लोगों का ध्यान एक्ट्रेस के वाइट थीम वाले घर पर भी गया। जहां सबने उनके आशियाने की तारीफ की।

**अंकिता लोखंडे ने खुद बताई प्रेग्नेंसी**-अंकिता लोखंडे का यह पोस्ट एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी की अफवाहों के सुर्खियों में आने के कुछ दिनों बाद आया है। यह सब तब शुरू हुआ जब लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 के मेकर्स ने एक प्रोमो शेयर किया जिसमें अंकिता अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा करती नजर आईं। जब कृष्णा अभिषेक ने उनसे कोई सामान छीना, तो अंकिता उनके पीछे दौड़ीं और कृष्णा से कहा कि उन्हें ज्यादा न दौड़ाएं वो प्रेग्नेंट हैं, जिससे सभी हैरान रह गए।

**अंकिता और विक्की प्रेग्नेंसी पर बोले**-हालांकि, बाद में अपने एक यूट्यूब व्लॉग में, अंकिता और विक्की ने इन अफवाहों पर कमेंट किया, जब विक्की ने मजाक में कहा, 'न्यूज तो काफी समय से चल रही है, प्रेग्नेंसी कब होगी, यह सवाल होना चाहिए। पूरा परिवार लगा हुआ है। बातचीत चल रही है।' अंकिता, साफ तौर पर खुश लेकिन चिढ़ी हुई नजर आईं और कहा, 'बातचीत चल रही है। मैं सवालों से थक गई हूं।'



# 44 साल की श्वेता तिवारी ने 18 की लड़कियों को भी किया फेल !



श्वेता तिवारी हिंदी टीवी इंडस्ट्री की सबसे बड़ी हीरोइनों में से एक हैं। हाल ही में श्वेता के पूर्व पति राजा चौधरी ने एक इंटरव्यू के दौरान उनके बारे में कुछ ऐसी बातें कहीं, जिसने मीडिया का खूब ध्यान खींचा। हालांकि, ऐसा लगता है कि 44 वर्षीय एक्ट्रेस अपने पहले पति राजा के किए गए दावों पर कोई कमेंट करने के मूड में नहीं हैं क्योंकि वह मॉरीशस में समंदर किनारे अपने परिवार के साथ खूबसूरत समय बिता रही हैं। फिलहाल श्वेता अपनी बेटी पलक तिवारी और बेटे रेयांश के साथ मॉरीशस की सैर पर हैं। श्वेता ने मॉरीशस की अपनी कई बोल्ड तस्वीरें शेयर कीं। श्वेता तिवारी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर 6 जून, 2025 को मॉरीशस की अपनी यात्रा की कई नई तस्वीरें शेयर कीं। तस्वीरों में श्वेता सफेद और नीले रंग की ब्रालेट पहने नजर आ रही हैं और उन्होंने इसे मैचिंग डेनिम शॉर्ट्स के साथ पेयर किया है। उन्होंने वेफरर सनग्लास पहनकर और अपने बालों को खुला छोड़कर अपने लुक को और भी निखारा। मॉरीशस में परिवार के साथ छुट्टियां मनाने की तस्वीरें शेयर करते हुए श्वेता ने कैप्शन में लिखा, 'मॉरीशस....तुमने मुझे हैलो करके ही पा लिया।'

**श्वेता तिवारी की तस्वीरें**-श्वेता की सिजलिंग तस्वीरें देखने के बाद, नेटिजंस ने कमेंट सेक्शन में अपना प्यार दिखाया। एक यूजर ने लिखा- आप बहुत खूबसूरत और ग्लैमरस लग रही हैं। दूसरे यूजर ने कमेंट किया- लाइफ टाइम क्रश एक और धरती की रानी। एक यूजर ने लिखा- वह दिन-ब-दिन जवान होती जा रही है। एक्ट्रेस की फिटनेस की तारीफ करते हुए एक फैन ने लिखा- बच्चे सोचते थे कि मलाइका सुपर फिट और सेक्सी हैं... लेकिन श्वेता तिवारी की फिटनेस के बारे में केवल लीजेंड ही जानते हैं। हम तबसे फैन हैं इनके जब ये दूरदर्शन चैनल पर रंगोली प्रोग्राम में आती थीं। एक फैन ने कमेंट किया- फिटनेस के मामले में अभी भी प्रेरणा हैं।

**कैसे मिला 'कसौटी जिंदगी की' में रोल**-इससे पहले स्क्रीन के साथ एक इंटरव्यू में श्वेता तिवारी ने खुलासा किया कि उन्हें 'कसौटी जिंदगी की' में 'प्रेरणा' के रोल में कैसे काम मिला। उन्होंने शेयर किया कि टीवी मेकर एकता कपूर ने उन्हें रोल ऑफर करने से पहले उनके साथ एक शरारत की थी। उन्होंने खुलासा किया कि एकता ने उन्हें पहली बार डीडी मेट्रो पर प्रसारित होने वाले टीवी शो 'आने वाला पल' में देखा था।

**एकता कपूर ने किया था मजाक**-एकता ने उन्हें रोल ऑफर करने के लिए अपने केबिन में बुलाया था और कहा, 'एक दिन उन्होंने कहा, 'श्वेता को मेरे केबिन में बुलाओ, मैं उसका केस लेना चाहती हूं क्योंकि यह नहीं हो सकता।' मैं पैक-अप के बाद उससे मिलने जाने से बहुत डर रही थी।

# आंगनबाड़ी के छज्जे का प्लास्टर गिरा, संचालिका घायल

## नौनिहालों की जान के साथ हो रहा खिलवाड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 ब्लाक कालोनी में संचालित आंगनबाड़ी भवन के छत का प्लास्टर गिरने का मामला प्रकाश में आया है। मलबा की जद में आने से आंगनबाड़ी संचालिका चोटिल हुई है वही हादसे में किसी बच्चे को कोई नुकसान नहीं हुआ। जिससे विभागीय अधिकारियों एवं बच्चों के परिजनों के राहत की सांस ली है। बड़ा नुकसान होने से बच तो गया मगर सवाल विभागीय अधिकारियों पर उठाया जाएगा कि आखिर जर्जर भवनों में क्यों आंगनबाड़ी संचालित करवाई जा रही थी? क्या विभागीय अधिकारियों को यह नहीं दिखता कि भवन पुराना एवं खस्ता हालत में है बारिश का मौसम है घटना भी घट सकती है। इस तरह की लापरवाही अक्षम्य है।

गौरतलब है कि इन दिनों महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अपने एक चहेते बाबू को तबादले पर जाने से रोकने में अपना ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। उन्हें यह नहीं दिख रहा कि आंगनबाड़ियों की क्या हालत है। मानुसनी मौसम में जर्जर एवं कमजोर आंगनबाड़ी भवनों का निरीक्षण जांच करना छोड़ श्री नागेश अपने मातहत प्रिय बाबू को येन केन प्रकारेण ट्रांसफर पर जाने से रोकने में पूरी ताकत लगाए हुए हैं। भवन गिरे या भूकंप आए इससे उन्हें कोई मतलब नहीं। आंगनबाड़ी भवन का छत से प्लास्टर गिरने का मामला बीती शाम 2.30 बजे के करीब का है। केंद्र की सहायिका पुर्णिमा साहू ने बताया कि शनिवार शाम ढाई बजे संचालिका जानकी यादव और मैं आंगनबाड़ी भवन में बैठे काम कर रहे थे तभी छत का प्लास्टर भर भराकर नीचे गिर पड़ा। मुझे तो चोट नहीं आई वहीं जानकी मैडम के उपर मलबा गिरने से उनके सिर, गले और हाथ में चोट आया है। कार्यकर्ता जिस कुर्सी पर बैठी हुई थी वह कुर्सी भी टूट गया है। सहायिका ने यह भी कहा कि कुछ सेकण्ड पूर्व मोहल्ले की ही एक दादी अपने पोते को लेकर उसी जगह पर बैठी हुई थी उसके वहां से उठकर जाने के चंद सेकण्ड बाद ही प्लास्टर जानकी के उपर आ गिरा। अगर प्लास्टर बच्चे पर गिरा होता तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि नुकसान कितना बड़ा हो सकता था। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले नौनिहालों को भुगतना पड़ रहा है। बता दें कि जिस मकान में वर्तमान में केंद्र संचालित हो रहा है वह काफी दशकों पुराना ब्लाक का एक सरकारी क्वाटर है। नया आंगनबाड़ी भवन साईड में बन रहा है अभी निर्माणाधीन है। जिम्मेदार अधिकारियों को चाहिए था कि जब तक नया भवन बनकर तैयार नहीं हो जाता तब तक किसी अच्छे भवन में आंगनबाड़ी को संचालित करवाते। कुछ महिनों तक के लिए किसी का खाली भवन किराया पर भी लिया जा सकता था मगर ऐसा न कर पैसे बचाने के लालच में विभागीय अधिकारियों ने पुराने जर्जर हो चुके एक सरकारी मकान में आंगनबाड़ी को शिफट कर दिया जिसके चलते इस तरह का हादसा पेश आया। जिला मुख्यालय अंतर्गत पालिका क्षेत्र के आंगनबाडी केंद्रो का जब ये हाल है तो बाकी परियोजनाओं के अंदर आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के केंद्रों का क्या ही हाल होगा अंदाजा लगाया जा सकता है।

## एक नजर

### सर्वसहमति के बिना हटाया जा रहा था शहीद स्मारक, तुलिका ने रुकवाया



**दंतेवाड़ा।** पुरातन नगरी बारसूर में शहीदों के अपमान का मामला सामने आया है, जिसे लेकर जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने आज बारसूर पहुंच कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। मामला शहीद स्मारक को हटाने से जुड़ा हुआ है। जानकारी देते हुए जिपं सदस्य तुलिका कर्मा ने बताया कि नगर पंचायत बारसूर में कारगील युद्ध में शहीद हुए जवानों के याद में स्मारक का निर्माण कराया गया था। कुछ दिनों से अचानक इसे हटाने के लिए खुदाई की जा रही थी, जिसे लेकर आम लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना किसी सोच विचार कर नगर पंचायत के अध्यक्ष व मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आदेश पर यह सब कार्य हो रहा है। तुलिका ने कहा कि परिषद में इस मामले को बिना पारित कराए यह कार्य किया जा रहा था। मामला शहीदों के सम्मान से जुड़ा हुआ है, इसमें लापरवाही बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमओ के साथ बैठक कर मामले को परिषद में पारित कर सर्व सहमति से रास्ता निकालने को कहा गया है तब तक कार्य बंद करने की हिदायत दी गई है। तुलिका ने कहा कि नगर पंचायत बारसूर में भाजपा की सत्ता आने के बाद से ही लगातार गड़बड़ी हो रही है। व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने शहीदों के नाम से बनाए गए स्मारक को हटाया जा रहा है, जो सीधे हमारे देश के लिए बलिदान हुए जवानों का अपमान है। बारसूर नगर पंचायत में बिना परिषद में पारित किए कई कार्य भाजपा करवा रही है, जिससे बारसूर में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है।

### एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान क्लब बड़ेमूरमा ने साइंस सेंटर के स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं



**जगदलपुर।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े मुरमा, विकासखंड जगदलपुर में एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान क्लब द्वारा विभिन्न विज्ञान गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलिराम बघेल तथा जिला मिशन समन्वयक श्री अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अवसर था छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर रायपुर के 13वें स्थापना दिवस का। इस उपलक्ष्य में विज्ञान क्लब की ओर से विज्ञान केंद्र रायपुर को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। 13 जुलाई रविवार को विज्ञान केंद्र रायपुर में आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान में डॉक्टर डीडी ओझा (पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक, भुज विभाग, जोधपुर, राजस्थान) मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होंगे। इसी कड़ी में शनिवार को विद्यालय में विविध विज्ञान गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें विज्ञान विषयक परिचर्चा, मॉडल प्रदर्शनी, प्रयोग प्रदर्शन, विज्ञान क्विज, विचार-वाचन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शामिल थीं। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक सहभागी बने।

### केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही

**बालोद।** केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में सेवाओं और अन्य बुनियादी ढाँचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से जिले में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम नारागांव एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम धुर्वाटोला में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभन्वित किया गया। आज आयोजित शिविर में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को नया आयुष्मान कार्ड, की सौगात मिलने के अलावा इन वर्गों के हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। उल्लेखनीय है कि डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम धुर्वाटोला में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 20 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

इसके अलावा शिविर में पहुँचे लोगों का सिकलिन टेस्ट करने के अलावा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में शिविर आयोजन हेतु जारी की गई तिथि के अनुसार 11 जुलाई को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पोड़ में शिविर का आयोजन किया गया है।

### नो पार्किंग में खड़े वाहन चालकों से वसूला गया जुर्माना

**बालोद।** जिले के नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा सड़कों में अव्यवस्थित अतिक्रमण पर आज प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में एसडीएम सुरेश साहू, थाना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की टीम ने आज यातायात व्यवस्था को बेहतर करने नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई की। इसी प्रकार सड़कों में हुए अवैध अतिक्रमण पर भी कार्रवाई करते हुए संबंधितों को कड़े निर्देश दिए गए। इस दौरान 14 व्यक्तियों से 8500 रुपये और नो पार्किंग में खड़े वाहन चालको से 3600 रुपये का शमन शुल्क वसूल की गई।

# महकी भाषा की बगिया



■ **बस्तर संभाग में दो दिवसीय बहुभाषा प्रशिक्षण संपन्न**

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में भाषा और नवाचार की खुशबू उस समय और अधिक फैल गई जब अभिनंदन पार्क में दो दिवसीय संभाग स्तरीय बहुभाषा शिक्षण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। भाषा की बगिया में दो दिवस-जहां अनुभव और सीख के फूल खिले थीम पर आधारित यह आयोजन, न केवल एक प्रशिक्षण सत्र था, बल्कि एक सांस्कृतिक, शैक्षणिक और संवेदनशील संगम का अनुभव भी रहा। इस प्रशिक्षण का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद के निर्देश पर डाइट बस्तर द्वारा किया गया, जिसमें बस्तर संभाग के सभी सात जिलों से चुने गए शिक्षकों ने भागीदारी की। प्रत्येक जिले से छह प्रतिभागी और एक नोडल अधिकारी ने प्रतिनिधित्व किया।

प्रशिक्षण में संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा श्री संजीव श्रीवास्तव जी ने शिक्षकों से सीधे संवाद करते हुए स्कूलों में भाषा शिक्षण से जुड़ी चुनौतियाँ पूछीं और शिक्षकों ने खुलकर अनुभव साझा किए। इसके पश्चात राज्य बहुभाषा संचालक डॉ. रघु ने मातृभाषा से सुगम भाषा की ओर बच्चों की भाषा-यात्रा को विस्तार से समझाया।

# खदान मजदूर संघ ने किया एनएमडीसी के नए परियोजना प्रमुख का आत्मीय स्वागत



**किरंदुल।** विश्व की सबसे बड़ी ट्रेड यूनियन भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध खदान मजदूर संघ, शाखा किरंदुल द्वारा एनएमडीसी लिमिटेड, किरंदुल कॉम्प्लेक्स में नवपदस्थ परियोजना प्रमुख अधिशासी निदेशक श्री रवीन्द्र नारायण एवं मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) श्री के.पी. सिंह का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

कार्यभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में श्रमिक संघ द्वारा भारतीय सांस्कृतिक परंपरा अनुसार पुष्पमाला, शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। संघ के अध्यक्ष बी. दिल्ली राव एवं सचिव महेंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस स्वागत समारोह में राष्ट्रहित, उद्योगहित एवं श्रमिकहित के मूलमंत्र के साथ आगे बढ़ने का संकल्प दोहराया गया। संघ पदाधिकारियों ने परियोजना हित में सदैव कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने का आश्वासन देते हुए नवपदस्थ अधिकारियों को उनके नवीन दायित्वों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। साथ ही आपसी सहयोग और सामंजस्य से संस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई गई। इस अवसर पर यूनियन के अन्य प्रमुख पदाधिकारी राजेन्द्र यादव, दानेश्वर जोशी, लिशांष सिंह, बसंत कुमार, सुधा, सूरमा एवं नितेश भी उपस्थित रहे।

# नारायणपुर-ओरछा मार्ग की हालत खराब

## महिला ने खेत छोड़ सड़क पर लगाया रोपा

**नारायणपुर।** नारायणपुर ओरछा मार्ग की दयनीय हालत से परेशान होकर एक महिला ने अपना विरोध दर्ज कराने का अनोखा तरीका अपनाया है। महिला ने खेत में रोपा लगाना छोड़कर नारायणपुर ओरछा मार्ग में रोपा लगाना शुरू कर दिया है, जिससे जिला प्रशासन की कुंभकर्णीय नींद खोलने की कोशिश की जा रही है।



महिला का कहना है कि सड़क की दयनीय हालत से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। सड़क की खराब स्थिति के कारण उन्हें और अन्य ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, और लगता है कि जिला प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इसलिए, उन्होंने अपना विरोध इस अनोखे तरीके से दर्ज कराने का फैसला किया है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण उन्हें अपने दैनिक कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर गड्ढे और धूल के कारण वाहन चलाना मुश्किल हो गया है, और कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वह जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराए और इसे ठीक करे। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण उन्हें भारी परेशानी हो रही है, और जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

नारायणपुर ओरछा मार्ग की दयनीय हालत से परेशान होकर एक महिला ने अपना विरोध दर्ज कराने का अनोखा तरीका अपनाया है। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए जिला प्रशासन को जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत करानी चाहिए और इसे ठीक करना चाहिए। इससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी और सड़क की स्थिति में सुधार होगा।

# कार्यशाला में बालिकाओं को योजनाओं की जानकारी दी

**सुकमा।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले मैडम के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत शुक्रवार को छिंदगढ़ परियोजना विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

विश्व जनसँख्या दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कन्या पोटाकेबिन बालाटिकरा में बालिकाओं को जनसँख्या नियंत्रण एवं बालिकाओं के जन्म, उनका संरक्षण एवं सशक्तिकरण से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना का उद्देश्य, विश्व जनसँख्या दिवस मनाये जाने के उद्देश्य, लैंगिक समानता, सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल विवाह रोकथाम साथ ही जिले में चल रहे महिला सशक्तिकरण केंद्र एवं समस्त योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गयी। शासकीय कन्या माध्यमिक शाला छिंदगढ़ में बालिकाओं को जनसँख्या नियंत्रण एवं बालिकाओं के जन्म उनका संरक्षण एवं सशक्तिकरण से सम्बंधित रैली एवं कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।

# बंदियों को मिला मानसिक स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण

**सुकमा।** जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा शुक्रवार को जिला जेल सुकमा में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए पुरुष कैदियों को आत्महत्या के रोकथाम की ट्रेनिंग व मार्गदर्शन सुविधा उपलब्ध कराया गया। सीएमएचओ डॉ. रामकेश्वर सिंह के निर्देशन तथा नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण तेली के मार्गदर्शन में डीएमएचपी टीम साइकियाट्रिक सोशल वर्कर श्रीमती रीना नायडू व कम्युनिटी नर्स श्री योगेश सिन्हा के द्वारा 327 कैदियों को आत्महत्या रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य की ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम में जेल प्रभारी श्री राजेश कुमार बिसेन ने भी बंदियों



को संबोधित किया और मानसिक स्वास्थ्य ठीक रखने की समझाइश दी। जेल में अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए सुझाव सभी बंदी अपना ख्याल रखें। समस्या बांटने से समस्या समाप्त हो जाती है। कुछ नया सीखने की कोशिश करें। सकारात्मक सोचें। सभी से सकारात्मक संबंध बनाएं और संपर्क में रहने का प्रयास करें। आपसी समन्वय, बंधुत्व और भाईचारा बनाए रखें।

# पामेड़ एरिया कमेटी में सक्रिय नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा।** जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में मुखबिर के आसूचना पर शुक्रवार को थाना जगरगुण्डा से श्री तोमेश वर्मा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा के हमराह जिला बल का बल एवं कैम्प पूवर्ती से राजू नाईक, द्वितीय कमान अधिकारी के हमराह 150 वाहिनी सीआरपीएफ बल की संयुक्त पार्टी केसो ड्यूटी एवं नक्सल आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु ग्राम पूवर्ती के डब्बापारा, बंडीपारा व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान ग्राम पूवर्तीप के बंडीपारा को घेराबंदी कर थाना जगरगुण्डा के प्रकरण में फरार चल रहे पामेड़ एरिया कमेटी के सक्रिय कड़ती देवा पिता कड़ती पोज्जा (पूवर्ती आरपीसी मिलिशिया सदस्य) उम्र 21 वर्ष जाति मुरिया निवासी डब्बापारा पुतर्वी थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा (छ0ग0) को पकड़ा गया। पकड़ा गया नक्सली थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 07.06.2025 को ग्राम पूवर्ती के ग्राम पटेल रामा बोड़के को पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर लाठी/डण्डे एवं धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दिये गए उनके परिजनों द्वारा बीच-बचाव करने से जान से मारने की धमकी देते हुए उनके साथ भी मार-पीट करने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ शामिल रहा है ।

# समिति से 300 टन खाद-बीज का वितरण

**बालोद।** बालोद जिले में लगातार हो रही बारिश से खेतों में भरपूर जल की मात्रा आ चुकी है, जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। राज्य शासन द्वारा किसानों को रासायनिक उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

जिसके तहत् बालोद जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में निरंतर ही किसानों को खाद बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। समिति के प्रबंधक ने बताया कि समिति के माध्यम से अब तक 300 टन से अधिक रासायनिक खाद, 150 क्विंटल से अधिक बीज का वितरण किसानों को किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वितरीत किए गए खाद में 100 टन युरिया, 102 टन सुपर फास्फेट, 60 टन पोटाश, 80 टन एनपीके, 35 टन डीएपी सहित अन्य उर्वरक शामिल हैं। इसी प्रकार किसानों की मांग के अनुरूप उन्हें विभिन्न प्रकार की बीज का भी वितरण किया गया। सहकारी समिति गुजरा से खाद प्राप्त कर चुके ग्राम भैंसबोड़ के किसान तुलूराम कोसमा ने बताया कि वह लगभग 05 एकड़ में खेती किसानी का कार्य करते हैं। उन्हें सहकारी समिति से यूरिया, पोटाश, डीएपी, सुपर फास्फेट मिल चुका है। जिसका उपयोग वे अपने खेतों में आनुपातिक रूप से करेंगे।

जिससे उन्हें फसल उत्पादन में लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि लगातार हो रही बारिश से खेतों में भरपूर पानी है, अभी वे रोपाई का कार्य कर रहे हैं।

# पीएम आवास योजना बनी वरदान

**सुकमा/** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन की योजनाओं का लाभ अब समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँच रहा है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सुकमा जिले के दूरस्थ अंदरुनी क्षेत्रों में भी पीएम आवास योजना के तहत हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का लाभ मिल रहा है। सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत दुब्बाटोटा के एक असहाय वृद्ध इंद्रे की कहानी इसका जीवंत उदाहरण है, जहाँ शासन की तीन योजनाओं ने एक साथ उनकी ज़िंदगी को आसान और सुविधाजनक बना दिया है। दुब्बाटोटा निवासी पीएम आवास योजना से लाभान्वित हितग्राही श्रीमती इंद्रे बताती हैं कि मैं अकेले रहती



हूँ और काम करने के लिए सही ढंग से मेरा हाथ पाँव नहीं चलता है। इसलिए मैं कोई रोज़ी मज़दूरी भी नहीं कर पाती। मेरा कोई परिजन भी नहीं है। पहले मैं कच्चे घर में रहती थी। बरसात हो या गर्मी, हमेशा घर में डर बना रहता था। पानी टपकता था, दीवार गिरने का डर और रात में साँप, बिच्छू का डर अलग से। गाँव वालों ने बताया तो मैं भी पीएम आवास योजना के लिए आवेदन कर दी। फिर मुझे पीएम आवास बनाने की स्वीकृति मिल गई। पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से मेरा पीएम आवास बन गया। प्रधानमंत्री आवास योजना से मिला पक्का मकान मेरे लिए एक नई दुनिया जैसा है। अब न डर है, न परेशानी, घर भी साफ-सुथरा है। इसके साथ ही पंचायत विभाग की सहायता से घर में शौचालय योजना से शौचालय भी बना हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि, मुझे मुख्यमंत्री महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 1000 रूपए की राशि मिलती है। उसी से मैं तेल, नमक, साबुन जैसे ज़रूरी सामान खरीद लेती हूँ। महतारी वंदन से मिली राशि से ही मेरा जीवनयापन चलता है।

# झींगा पालन की ओर अग्रसर सुकमा जिला

## झींगा पालन के लिए 5 गांवों का किया गया चिन्हांकन

**सुकमा।** सुकमा जिला अपनी जैव विविधता और भौगोलिक परिस्थितियों लिए राज्य के साथ साथ संपूर्ण देश में प्रसिद्ध है। सुकमा जिला अब न केवल परंपरागत खेती तक सीमित है वरन नई समन्वित कृषि प्रणाली को अपनाते हुए प्रगति की ओर अग्रसर है। यहां के ग्रामीण अंचल में छोटे बड़े तालाब बहुतायत में उपलब्ध हैं और उनमें किसान मछली पालकर अच्छी आमदनी अर्जित कर रहे हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा द्वारा किसानों को निरंतर तकनीकी जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी प्रयास को जारी रखते हुए कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने विगत दिनों कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा का भ्रमण



किया था और संस्था के मछली पालन विशेषज्ञ डॉ संजय सिंह राठौर और मछली पालन विभाग के श्री डीएल कश्यप को मछली और झींगा पालन के लिए किसानों को विशेष प्रशिक्षण देने और जागरूक करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में सुकमा विकास खंड के पांच ग्राम पंचायतों भेलवापाल, झापरा, गोंगला, मूर्तोंडा एवं गादीरास के सभी आश्रित गांवों के चालीस तालाबों का भ्रमण किया गया एवं झींगा पालन के लिए उपयुक्त तालाबों को चिन्हांकित किया गया। आगामी दिनों में कृषि विज्ञान केंद्र मे स्थित मछली पालन इकाई के साथ साथ डॉ राठौर की निगरानी में जिले के मत्स्य विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर झींगा मछली पालन किया जायेगा। कलेक्टर श्री ध्रुव के मार्गदर्शन में मछली पालन के क्षेत्र में यह एक अद्वितीय पहल है और इससे सुकमा के किसान झींगा मछली पालन कर अत्यधिक लाभान्वित होंगें।

# शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन के लिए भौतिकी और विज्ञान के शिक्षकों का हुआ उन्मुखीकरण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में संचालित यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत जिले में गुणवत्तापूर्ण विज्ञान शिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कक्षा 10वीं में विज्ञान और 12वीं में भौतिकी के शिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला सेजेस हिंदी माध्यम जशपुर में जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यशाला में डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा ने 15 से अधिक रोचक व सरल वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से यह समझाया कि किस प्रकार जटिल भौतिकी के सिद्धांतों को विद्यार्थियों को प्रभावशाली ढंग से समझाया जा सकता है।



उन्होंने बल, गति, घर्षण, पृष्ठ तनाव जड़त्व, संवेग ऊर्जा संरक्षण, अपवर्तन, वायुदाब, घूर्णन गति, अपकेन्द्रीय बल, उष्मा संचरण, ध्वनि, स्थैतिक एवं गतिज घर्षण, और न्यूटन के नियमों आदि से जुड़े प्रयोग शिक्षकों से कराए और कक्षा अध्यापन में इन्हें शामिल कैसे करें, यह बताया ।

प्रयोगों में सामान्य वस्तुओं जैसे दृ रस्सी, प्लास्टिक की बोतल, मोमबत्ती, पानी, बर्फ गेंद, पेंडुलम, स्प्रिंग, स्पोक, बैलून, ग्लास, मोबाइल, लेंस, दर्पण, एलईडीबल्ब, पेपर पेन , फनल प्लास्टिक बॉल आदि का उपयोग कर भौतिकी के कई कॉन्सेप्ट्स को स्पष्ट किया गया।

यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने मानव मस्तिष्क साइकोलॉजी के जोन मैपिंग को समझाया। कंफर्ट जोन, फियर जोन, लर्निंग जोन और ग्रोथ जोन के विषय में बताते हुए कंफर्ट जोन से निकलकर चुनौतियां लेते हुए अपने जीवन के साथ विद्यार्थियों के भविष्य को भी बेहतर बनाने पर बात की।

# छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्र में विकास को दी जा रही है गति : साय

■ 'राइजिंग छत्तीसगढ़' कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री साय ने रखा राज्य के विकास का रोडमैप

**रायपुर, 13 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर में न्यूज़18 मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित भव्य 'राइजिंग छत्तीसगढ़' कॉन्क्लेव में शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्य के विकास, सुशासन और जनकल्याण के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि उनकी सरकार छत्तीसगढ़ में समावेशी विकास को तीव्र गति से आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता ने हमें ऐतिहासिक समर्थन दिया और हमने सरकार बनते ही काम की शुरुआत कर दी। पहले ही कैबिनेट में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए, जिससे आज हज़ारों परिवारों को गृहप्रवेश का अवसर मिल रहा है। कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए हमारी सरकार ने किसानों को दो वर्षों की बकाया राशि सहित ?3100 प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी शुरू की है। महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को प्रति माह ?1000 की सहायता दी जा रही है।




मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जनजातीय सशक्तिकरण के तहत चरण पादुका वितरण से लेकर तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस तथा तीर्थदर्शन योजना के माध्यम से गरीबों को धार्मिक यात्रा का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पंचायतों में बैंकिंग सुविधा पहुंचाने का वादा किया था, जिसके तहत 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल केंद्रों की स्थापना हो चुकी है, और इसका जल्द ही विस्तार प्रदेश की सभी पंचायतों तक किया जाएगा। रेडी टू ईट निर्माण का कार्य पुनः महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार नक्सल मुक्त भारत अभियान को गंभीरता से आगे बढ़ा रही है। केंद्र सरकार द्वारा 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलमुक्त करने की समयसीमा तय की गई है, और हम नियद नेल्लार योजना के अंतर्गत गांवों में तेज़ी से विकास कार्य कर रहे हैं। डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता से यह परिवर्तन संभव हो पा रहा है। 'राइजिंग छत्तीसगढ़' कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ की संभावनाओं, उपलब्धियों और आगे की दिशा पर केंद्रित अनेक विचारोत्तेजक सत्र आयोजित किए गए।

## एक नजर

### अनियंत्रित होकर पलटी बस, कई यात्री घायल

**रायगढ़, 13 जुलाई।** रायगढ़ के लैलूंगा मे शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। तोलमा से रायगढ़ की ओर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गई और खेत में पलट गई। यह दुर्घटना मिलुपारा और कोडकेल गांव के बीच हुई, जिसमें दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार यात्रियों को लेकर जा रही बस मिलुपारा और कोडकेल गांव के बीच सड़क किनारे अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद बस में कई लोग फंसे रह गए, जिन्हें आसपास के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बाहर निकाला। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर लैलूंगा थाना पुलिस पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को पास के तमनार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां 9 यात्रियों को भर्ती किया गया है। इनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को निजी उद्योगों के वाहनों की मदद से अस्पताल पहुँचाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है घायलों का इलाज जारी है।

### रामलला दर्शन योजना : जिले के 133 हितग्राही करेंगे अयोध्याधाम की यात्रा



**धमतरी, 13 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन की महती रामलला दर्शन योजना (अयोध्याधाम) के तहत धमतरी जिले से 15 से 18 जुलाई तक यात्रा कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक आहूत की गई। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी रामलला दर्शन योजना रामकुमार कृपाल ने बताया कि जिला स्तरीय समिति की बैठक में धमतरी शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से कुल 550 आवेदन मिले। प्राप्त आवेदनों को लॉटरी के माध्यम से पर्ची निकालकर चयन किया गया। इस दौरान कुल 133 हितग्राही रामलला अयोध्या धाम दर्शन की यात्रा के लिए चयनित हुए। ठनमें ग्रामीण क्षेत्र से 96 श्रद्धालु और 4 अनुरक्षक तथा नगरीय निकाय क्षेत्र से 28 श्रद्धालु और 5 अनुरक्षक शामिल हैं। इसके साथ ही नगरीय निकाय से 5 और ग्रामी क्षेत्र से 10 आवेदकों का चयन कर प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

### 621 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प 14 जुलाई को

**धमतरी, 13 जुलाई।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा आगामी 14 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगारएवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक एलआईसी धमतरी, प्रथम एजुकेशन कुरूद, नीलेश ज्वेलर्स धमतरी द्वारा प्रबंधक, सेल्स एजेंट, ब्रांच मैनेजर, वेल्डर, प्लंबर, हाउसकीपिंग, एकाउंटेंट, सोलर पीवी ईन्स्टालर सहित कुल 621 पदों पर भर्तियों के लिए इंटरव्यू लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता आठवीं, दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, स्नातक और स्नातकोत्तर हो वे इस साक्षात्कार प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं। इसके लिए आवेदकों को शैक्षणिक और तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साईज के फेटो लाना होगा।

### सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक 14 जुलाई को

**धमतरी, 13 जुलाई।** सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक 14 जुलाई को आहूत की जाएगी। जिला पंचायत सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से आयोजित इस बैठक में धान उपार्जन केन्द्र, धान भण्डारण, उचित मूल्य दुकानों, कृषक ऋण, खाद-बीज, खादी ग्रामोद्योग इत्यादि की समीक्षा की जाएगी।

### जशपुर में बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

**जशपुर, 13 जुलाई।** जिला पंचायत, जशपुर के सभागार में बिहान योजना अंतर्गत बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में बैंकर्स, बीपीएम एरिया कोऑर्डिनेटर, बीमा सखी, पी आर पी एवं अन्य फील्ड स्टाफकी सक्रिय सहभागिता रही। कार्यशाला में बिहान की अवधारणा, समूह क्रेडिट लिंकेज, इंटरप्राइज फाइनेंस, बीसी सखी मॉडल, बीमा योजनाएं, एन पी ए का निराकरण, एवं कमेटी की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई और समूहों में वित्तीय साक्षरता बढ़ाने, बैंक से जोड़ने और आवश्यक दस्तावेज़ीकरण में सहयोग हेतु प्रशिक्षित किया गया। उक्त कार्यशाला का सफल संचालन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जशपुर अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में एन आर पी बी. एम. पटनायक, एलडीएम वाल्टर भेंगरा, एनआरएलएम विजय शरण प्रसाद, डीपीएम अमीन खान, डीएच सा-धन अखिल पारासेट, अन्य एन आर एल एम सहयोगी स्टाफविकाश सोनी, श्री हरि यादव, सूरज कुमार एवं नवीन भगत के सहयोग से संपन्न किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य बैंकर्स एवं फील्ड स्टाफको बिहान योजना से जुड़े वित्तीय पहलुओं की जानकारी प्रदान करना था, जिससे वे अपने कार्यक्षेत्र में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।

## छत्तीसगढ़ ने शिक्षा के क्षेत्र में हासिल किया नया मुकाम

# जीवन में सफलता के लिए शिक्षा है मजबूत आधारः सीएम साय

■ नई शिक्षा नीति से बदली तस्वीर, छत्तीसगढ़ में स्थानीय भाषाओं में मिल रही शिक्षा

■ मुख्यमंत्री ने पीएसवाय उत्कृष्टता सम्मान समारोह में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित




**रायपुर, 13 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित पीएसवाय उत्कृष्टता सम्मान समारोह में विभिन्न विधाओं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सभी सम्मानित शिक्षकों, विद्यार्थियों और संस्थाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र सेवा का मार्ग है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, और यही किसी भी राष्ट्र की प्रगति की नींव होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता का मूल आधार शिक्षा ही है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब अपने रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है और बीते वर्षों में राज्य ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। जहां पहले प्रदेश में केवल एक मेडिकल कॉलेज था, आज वहां 15 से अधिक मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। साथ ही, आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थान भी राज्य में कार्यरत हैं। गांव-गांव में स्कूल खोले गए हैं, और बच्चों की आवश्यकताओं के अनुरूप महाविद्यालयों की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि हमारे समय में कई गांवों के बच्चों के लिए केवल एक स्कूल होता था। मुझे याद है कि मैंने पांचवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दूसरे गांव में दी थी, क्योंकि हमारे गांव में परीक्षा केंद्र नहीं था। आज छत्तीसगढ़ में छात्रों के लिए असीम अवसर मौजूद हैं और प्रत्येक बच्चे को इन अवसरों का लाभ उठाकर अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ना चाहिए।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में निरंतर अग्रसर है, और इसी संकल्प को लेकर हम विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में भी तेज़ गति से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश ने वैश्विक स्तर पर सम्मान प्राप्त किया है और भारत पुनः विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। साय ने कहा कि राज्य सरकार नई शिक्षा नीति को ज़मीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में देश में लागू की गई नई शिक्षा नीति के तहत छत्तीसगढ़ में शिक्षा अब स्थानीय भाषाओं में भी उपलब्ध हो रही है। बस्तर जैसे क्षेत्रों में अब स्थानीय भाषाओं में पढ़ाई करवाई जा रही है, और प्रदेश में मेडिकल की शिक्षा भी हिंदी में दी जा रही है। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने संस्था द्वारा सम्मानित प्रतिभावान छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में इन बच्चों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने में हमारे युवाओं का योगदान निर्णायक सिद्ध होगा। विधायक धरमलाल कौशिक ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य न केवल प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित करना है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही प्रतिभाओं को भी एक मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को विभिन्न भाषाओं में पारंगत बनाने की दिशा में ठोस कार्य प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों की भी सराहना की।

### चैनपुर में बनेगा नवोदय विद्यालय, 11.8 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन

मनेंद्रगढ़ अब स्वास्थ्य के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हो रहा है। क्षेत्रवासियों के लिए एक और बड़ी सौगात के रूप में जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ है। चैनपुर में इस विद्यालय के लिए 11.8 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निरंतर प्रयासों से यह महत्वपूर्ण उपलब्धि संभव हो सकी है। उनके नेतृत्व में मनेंद्रगढ़ को पहले ही मेडिकल कॉलेज जैसी अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधा मिल चुकी है, और अब शिक्षा के क्षेत्र में भी नई क्रांति की शुरुआत हो रही है। जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना से अब जिले के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही जिले में मिल सकेगी। उन्हें उच्च स्तर की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे अभिभावकों की चिंता भी कम होगी और विद्यार्थियों का समग्र विकास संभव होगा। यह कदम मनेंद्रगढ़ क्षेत्र के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा और आने वाले वर्षों में यहां की नई पीढ़ी को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगा।

## समाचार संक्षेप

### इंटरनेशनल पावरलिफ्टिंग में स्वर्णपदक विजेता प्रेम रौतिया ने सीएम साय से की मुलाकात



**रायपुर, 13 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में एसबीकेएफइंटरनेशनल गेम्स 2024 में स्वर्ण पदक विजेता पावरलिफ्टर प्रेम राजन रौतिया ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने उन्हें इस विशिष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उल्लेखनीय है कि प्रेम राजन रौतिया महासमुंद जिले के पिथौरा के निवासी हैं। उन्होंने 31 अगस्त से 4 सितंबर 2024 तक नेपाल के पोखरा में आयोजित एसबीकेएफ इंटरनेशनल गेम्स में अंडर-30 कैटेगरी में भाग लेते हुए 735 किलोग्राम भार उठाकर शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर और मजबूत उपस्थिति दिलाई है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा, खेमराज बाकरे सहित मेहर रविदास समाज के अनेक प्रतिनिधिगण उपस्थित थे, जिन्होंने रौतिया को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अनियंत्रित होकर सोन नहर में जा गिरी कार, एक परिवार के तीन की मौत



**सूरजपुर, 13 जुलाई।** सूरजपुर जिले के विश्रामपुर से शादी की सालगिरह समारोह में शामिल होने बिहार गया एक परिवार भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गया है। पटना जिले के रानी तालाब इलाके में उनकी कार अनियंत्रित होकर सोन नहर में गिर गई। इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मिली जानकारी के अनुसार सभी मृतक विश्रामपुर के निवासी थे। घायलों में नंदन सिंह और उनकी बेटी शामिल हैं। जिनका इलाज अभी पटना एम्स में चल रहा है। बताया जा रहा है कि विश्रामपुर निवासी नंदन सिंह अपने परिवार के साथ कार से बिहार के वैशाली नगर जा रहे थे। जहां वे परिवार के शादी के सालगिरह समारोह में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में पटना के रानी तालाब थाना क्षेत्र के सरैया गांव के पास अचानक कार बेकाबू हो गई और सोन नहर में जा गिरी। बताया जा रहा है कि गाड़ी चलाते समय नंदन सिंह को नींद आ गई, जिससे यह बड़ा हादसा हो गया। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी को नहर से बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया है। इस दौरान तीन लोगों की मौत हो गई। घटना से विश्रामपुर में भी शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सड़क पर दिखा 70 से अधिक हाथियों का झुंड, यातायात प्रभावित रहा



**रायगढ़, 13 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से एक वीडिया सामने आया है, जिसमें 70 से अधिक हाथियों का दल सड़क पार करते नजर आ रहा है. घटना धर्मजयगढ़ वन मंडल की है. क्षेत्र में बड़ी में विचरण कर रहे हाथियों को लेकर वन विभाग अलर्ट मोड पर है. हालांकि निगरानी में टीम को परेशानी हो रही है. दरअसल, धर्मजयगढ़ वन मंडल में सीथरा से हाटी मार्ग को बड़ी संख्या में हाथियों का दल पार करते दिखा। 70 से अधिक हाथियों के झुंड में शावकों से लेकर विशालकाय हाथी नजर आए. हाथियों की मौजूदगी से इलाके में दहशत फैल गई है. हाथियों के सड़क पार करने सड़क पर काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा.

## जन्मजात हृदय व अन्य रोगों से ग्रसित बच्चों के उपचार से परिवार में हर्ष

### चिरायु टीम की तत्परता से मासूमों को मिल रही नई जिंदगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 13 जुलाई।** जिले के ग्राम कुटरू और ग्राम केतुलनार में चिरायु टीम के भ्रमण के दौरान दो अलग-अलग मामलों में गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार दिलाया गया, जिससे उनकी जान बचाई जा सकी।

चिरायु टीम के भ्रमण के दौरान ग्राम कुटरू स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय में करण साहू उम्र 07 वर्ष, को जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित पाया गया। जिला अस्पताल में 13 मार्च 2025 को जांच के बाद इसे पुष्टि किया गया। इसके बाद उन्हें श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल नया रायपुर में रेफर किया गया। जहाँ 27 मार्च 2025 को उनका सफल ओपन हार्ट सर्जरी किया गया। 28 अप्रैल को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी गई तथा 3 अप्रैल को टांके निकलवाए। फॉलोअप के दौरान ऑपरेशन क्षेत्र में कुछ संक्रमण पाया गया जिसके कारण उन्हें 3 मई को पुनः अस्पताल में भर्ती किया गया और 26 मई 2025 तक उपचार चला, अब करण स्वस्थ है और उसे एक नई जिंदगी मिली है। वहीं ग्राम केतुलनार के छोटे किलेपाल पारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में टीम के भ्रमण के दौरान सुरेश कुहरामी उम्र 02 वर्ष एवं रैनु कुहरामी उम्र 04 वर्ष को चिकित्सकीय देखरेख की आवश्यकता महसूस की गई। सुरेश को सिर पर पायोडर्मा और अति कुपोषण पाया गया जबकि रैनु को गर्भनाल ग्रेनुलोमा से पीड़ित पाया गया। दोनों बच्चों को 12 जून 2025 को जिला अस्पताल रेफर किया गया।



### नलवा माइंस को लेकर विधायक अनुज शर्मा की जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक

#### जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर मे कहा उद्योग गांव मे नहीं चाहिए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरोरा, 13 जुलाई।** खरोरा क्षेत्र में प्रस्तावित नलवा माइंस को लेकर स्थानीय विधायक अनुज शर्मा ने एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में क्षेत्र के सरपंच, जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य और जिला पंचायत अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य माइंस से संबंधित मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों की राय जानना तथा उनके हितों को सुनिश्चित करना था। बैठक में विधायक अनुज शर्मा ने क्षेत्र की जनभावनाओं को प्राथमिकता देते हुए कहा, ÷एक जनप्रतिनिधि के रूप में मेरा कर्तव्य है कि मैं जनता की भावनाओं और उनके हितों के साथ खड़ा रहूँ। खरोरा क्षेत्रवासियों का जो भी निर्णय होगा, मैं पूरी तरह से उनके साथ हूँ। यह बैठक नलवा माइंस के मुद्दे पर क्षेत्रवासियों और प्रशासन के बीच एक सकारात्मक संवाद का प्रतीक रही। विधायक अनुज शर्मा ने भविष्य में भी ऐसी बैठकों के माध्यम से जनता की आवाज को बुलंद करने का वादा किया।

वहीं बैठक मे जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, भाजपा नेता वेदराम मनहरे, जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सुरेन्द्र वर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, उपाध्यक्ष नगर पंचायत सुमित सेन समेत छेत्र के कई सरपंचगण शामिल हुए. जहाँ सभी ने यह निर्णय लिया की किसी भी हालत मे सीमेंट खदान को लगने नहीं दिया जायेगा पहले ही सीमेंट खदान के कारण छेत्र मे जल स्तर गिरते जा रहा है और पानी की समस्या है साथ ही अन्य समस्याओ के कारण सभी ने एक स्वर मे उद्योग का विरोध किया. वहीं बैठक मे जनप्रतिनिधियों ने छेत्र मे बिक् रहे अवैध शराब को लेकर विधायक से शिकायत की।

## चीन में किया जा रहा है एशिया कप सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप का आयोजन

# भारतीय टीम का करेंगी प्रतिनिधित्व करेंगी बीजापुर की बेटी

■ भारतीय टीम के कोच जिले के श्रम निरीक्षक कर्णेवार होंगे

**बीजापुर, 13 जुलाई।** बीजापुर जिले के लिए गर्व की बात है कि एशिया कप सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में जिले की बेटी चंद्रकला तेलम भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।



बीजापुर जिले के लिए गर्व की बात है कि एशिया कप सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में जिले की बेटी चंद्रकला तेलम भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 14 से 20 जुलाई तक शियान, चाइना में आयोजित होगा। भारतीय दल में छत्तीसगढ़ से दो खिलाड़ी चुने गए हैं- बीजापुर की चंद्रकला तेलम और पामगढ़ की शालू डहरिया।

साथ ही, भारतीय महिला टीम के कोच की जिम्मेदारी बीजापुर जिले के श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार को सौंपी गई है। वे पूर्व में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोच की भूमिका निभा चुके हैं। उनकी कोचिंग में अब तक 147 खिलाड़ी राष्ट्रीय और 11 अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं।

### चंद्रकला 13 जुलाई को चीन रवाना होगी

चंद्रकला ने इस चयन के लिए कई कठिन परीक्षण पार किए। अनंतपुर, नागपुर और श्रीनगर में आयोजित ट्रायल्स के बाद इंदौर में विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया और टीम में जगह बनाई। टीम ने श्रीनगर और दिल्ली में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है और 13 जुलाई को चीन रवाना होगी। इस उपलब्धि पर बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा एवं खेल प्रभारी नारायण गवेल ने चंद्रकला व कोच कर्णेवार को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।एशिया कप सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप का आयोजन शियान, चाइना में 14 से 20 जुलाई तक किया जा रहा है। इसमें भाग लेने वाले भारतीय दल में छत्तीसगढ़ से दो खिलाड़ी जिसमें बीजापुर, आवापली की चंद्रकला तेलम एवं पामगढ़ की शालू डहरिया का चयन किया गया है तथा भारतीय टीम के कोच बीजापुर के सोपान कर्णेवार बनाए गए हैं। इस टूर्नामेंट की विजेता एवं उपविजेता टीम को वर्ल्ड कप सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा।

**एक नजर**

## इटली ने पहली बार टी-20 वर्ल्डकप के लिए क्वालीफाई किया

इटली ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले मेंस टी-20 वर्ल्डकप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यह पहली बार होगा जब टीम वर्ल्डकप का हिस्सा होगी। उनके साथ नीदरलैंड ने भी इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है। दोनों टीमों ने यूरोपियन क्वालिफायर में टॉप-2 स्थान हासिल कर यह उपलब्धि हासिल की।

पिछले चार टी-20 वर्ल्डकप का हिस्सा रह चुके स्कॉटलैंड को जर्सी के खिलाफआखिरी गेंद पर हार झेलनी पड़ी और वे क्वालिफाई करने से चूक गए। उन्हें चार मैचों में सिर्फएक मैच में जीत मिली। नीदरलैंड ने इटली को 9 विकेट से हराया 11 जुलाई 2025 को खेले गए यूरोपियन क्वालिफायर के आखिरी मुकाबले में इटली का सामना नीदरलैंड से हुआ। हालांकि इटली को इस मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इससे उनके टी-20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करने पर कोई असर नहीं पड़ा। मैच में इटली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 134 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 16.2 ओवर में सिर्फएक विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। जर्सी जीत के बावजूद चूका आखिरी मैच में एक विकेट से जीत के बावजूद जर्सी भी टूर्नामेंट से बाहर हो गया। इटली और जर्सी दोनों के पास पांच-पांच पॉइंट्स थे, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण इटली 2026 टी-20 वर्ल्ड कप में जगह बनाने में सफल रहा। 5 टीमों की जगह खाली टी-20 वर्ल्ड कप 2026 भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। मेजबान भारत और श्रीलंका के अलावा अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और कनाडा पहले ही पहुंच चुके हैं। इस टूर्नामेंट में 20 टीमें हिस्सा लेंगी, ऐसे में 5 टीमों की जगह खाली है।

# इगा स्वातेक बनीं विंबलडन विमेंस चैंपियन

## अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराया, मेंस डबल्स में ब्रिटिश पेयर चैंपियन



**लंदन, 13 जुलाई (एजेंसी)।** पोलैंड की इगा स्वातेक ने विंबलडन विमेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। उन्होंने शनिवार को फाइनल में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को सीधे सेटों में हरा दिया। दूसरी ओर मेंस डबल्स में ब्रिटेन की वर्ल्ड नंबर-5 जोड़ी ने भी सीधे सेटों में खिताब जीत लिया।

एक पॉइंट भी नहीं ले सकीं अनिसिमोवा वर्ल्ड नंबर-8 स्वातेक ने विंबलडन फाइनल में एकतरफा दबदबा दिखाया। स्वातेक के खिलाफ अमांडा 1 पॉइंट भी नहीं ले सकीं। स्वातेक ने 6-0, 6-0 के अंतर से फाइनल जीता। अनिमिसोवा ने सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 बेलारूस की एरिना सबालेंका को हराया था। इसके बावजूद वे फाइनल में वर्ल्ड नंबर-8 प्लेयर को कोई टक्कर नहीं दे सकीं।

स्वातेक ने सेमीफाइनल में स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनकिक, क्वार्टर फाइनल में रूस की लुडमिला सैमसनोवा और राउंड ऑफ 16 में डेनमार्क की क्लारा टौसन को हराया। उन्होंने शुरुआती 3 राउंड के मुकाबले में भी आसानी से जीते थे।

मेंस डबल्स में ब्रिटिश पेयर चैंपियन बनी मेंस डबल्स में ब्रिटेन के जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल की वर्ल्ड नंबर-5 जोड़ी चैंपियन बन गई। दोनों ने ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता और नीदरलैंड के डेविड पेल की गैरवरीय जोड़ी को हराया। ब्रिटिश पेयर को 6-2, 7-6 (7-3) के अंतर से जीत मिली।

अल्काराज और सिनर के बीच मेंस फाइनल मेंस सिंगल्स का फाइनल वर्ल्ड नंबर-2 स्पेन के कार्लोस अल्काराज और वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर के बीच होगा। दोनों के बीच पिछले ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन का फाइनल भी हुआ था। तब अल्काराज ने बाजी मारी थी। अल्काराज विंबलडन के डिफेंडिंग चैंपियन है। उन्होंने 2023 और 2024 में सर्बिया के नोवाक जोकोविच को हराकर खिताब जीता था।

सेमीफाइनल में अल्काराज ने वर्ल्ड नंबर-5 अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराया। वहीं सिनर ने जोकोविच को ही सीधे सेटों में हराकर फाइनल में एंट्री की। सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन (2 बार) और रु ओपन के रूप में 3 ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं। वे इसी साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल में पहली बार पहुंचे। फ्रेंच ओपन तो उन्होंने गंवा दिया, लेकिन विंबलडन में अल्काराज से हिसाब बराबर करने का मौका है।

विमेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-4 और नंबर-8 का सामना विमेंस डबल्स के फाइनल में वर्ल्ड नंबर-4 जोड़ी के सामने वर्ल्ड नंबर-8 जोड़ी होगी। यह फाइनल भी 13 जुलाई को मेंस सिंगल्स फाइनल के दौरान ही होगा। फाइनल में लात्विया की जेलेना ओस्तापेंको और ताईवान की सिएह सु-वेई की नंबर-4 जोड़ी के सामने रूस की वेरोनिका कुडेरमेटोवा और बेल्जियम की एलिस मर्टेंस की नंबर-8 जोड़ी होगी।

**क्रिकेट डायरी**

# तीसरा टेस्टः केएल राहुल की लॉर्ड्स में दूसरी सेंचुरी, जडेजा-पंत की फिफ्टी



**लंदन, 13 जुलाई (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। आज चौथे दिन का खेल दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 2 रन की बढ़त बना ली है। भारत ने पहली पारी में इंग्लैंड के बराबर ही 387 रन बनाए।

**तीसरे दिन राहुल का शतकः** भारत ने तीसरे दिन पहली पारी में 145/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ऋषभ पंत ने फिफ्टी लगाई, उन्होंने केएल राहुल के साथ चौथे विकेट के लिए 141 रन की पार्टनरशिप की। पंत ने 74 रन बनाए। राहुल ने दूसरे सेशन में सेंचुरी पूरी कर ली, लेकिन 100 रन बनाने के ठीक बाद वे आउट भी हो गए।

राहुल ने लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में दूसरा शतक लगाया। वे 2021 में भी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सेंचुरी लगा चुके हैं। लोअर मिडिल ऑर्डर में रवींद्र जडेजा ने 72, नीतीश रेड्डी ने 30 और वॉशिंगटन सुंदर ने 23 रन बनाकर भारत को 387 रन तक पहुंचा दिया। इंग्लैंड से क्रिस वोक्स ने 3 और बेन स्टोक्स ने 2 विकेट लिए। तीसरे सेशन में इंग्लैंड ने भी अपनी दूसरी पारी में बैटिंग शुरू कर दी। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने इकलौता ओवर फेंका, उनके खिलाफ जैक क्रॉली ने 2 रन बनाए।

दूसरे दिन के दूसरे सेशन में ही भारत ने अपनी पहली पारी शुरू कर दी। यशस्वी जायसवाल 13 रन बनाकर जोफ्रा आर्चर का शिकार बने। करुण नायर ने स्थिति संभाली, लेकिन वे 40 रन बनाकर आउट हो गए। नंबर-4 पर उतरे कप्तान शुभमन गिल ज्यादा देर नहीं टिके और 16 ही रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

भारत ने 107 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए। यहां से ओपनर केएल राहुल ने फिफ्टी लगा दी। उनके साथ ऋषभ पंत भी नॉटआउट लौटे। इंग्लैंड से बेन स्टोक्स और क्रिस वोक्स ने भी 1-1 विकेट लिया। इंग्लैंड पहली पारी में 387 रन बनाकर ऑलआउट हुआ था।

# इंग्लैंड विमेंस टीम पांचवां टी-20 पांच विकेट से जीती

- भारतीय टीम ने सीरीज 3-2 से अपने नाम किया, श्री चारानी प्लेयर ऑफ द सीरीज बनीं




भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम को बर्मिंघम के एजबेस्टन में शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी-20 मैच में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, भारतीय टीम 3-2 से सीरीज अपने नाम कर ली। यह विमेंस क्रिकेट इतिहास में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पहली टी-20 सीरीज जीत है। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 167 रन का स्कोर बनाया। जवाब में इंग्लैंड ने आखिरी गेंद पर 5 विकेट खोकर 168 रन का टारगेट हासिल कर लिया। साथ ही इंग्लैंड की विमेंस क्रिकेट टीम ने टी-20 में अपना तीसरा सबसे बड़ा रन चेज किया। चार्ली डीन को प्लेयर ऑफद मैच चुना गया है। उन्होंने 4 ओवर में 23 रन देकर 3 अहम विकेट लिए। प्लेयर ऑफद सीरीज श्री चारानी बनीं। उन्होंने डेब्यू सीरीज में 10 विकेट लिए।

**आखिरी ओवर का रोमांचः** आखिरी ओवर में इंग्लैंड को 6 रन चाहिए थे। पहली तीन गेंदों में दो विकेट गिरे। इसमें राधा यादव का शानदार कैच भी शामिल था और सिर्फएक रन आया। लेकिन चौथी गेंद पर एक मिसफील्ड के चलते दो की जगह तीन रन बन गए। पांचवीं गेंद पर सिंगल आया। आखिरी गेंद पर एक रन चाहिए था। शॉर्ट मिड ऑन पर रन आउट का मौका था, लेकिन आसान सा थ्रो नॉन स्ट्राइकर एंड पर सही निशाने पर नहीं लगा और इंग्लैंड टीम जीत गई।

**शेफाली का 11वां टी-20 इंटरनेशनल अर्धशतकः** पहली पारी में भारत ने दो विकेट जल्दी गंवा दिए, लेकिन शेफाली वर्मा की शानदार पारी के दम पर टीम ने जबरदस्त वापसी की और इंग्लैंड के सामने 168 रनों का टारगेट रखा। शेफाली ने शानदार अर्धशतकीय (75) पारी खेली। शेफाली ने 23 गेंद में अपना 11वां टी-20 अर्धशतक जड़ा। चार्ली डीन ने इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा तीन विकेट चटकाए।

**डेनिएल व्याट ने 56 रन बनाएः** इंग्लैंड के लिए सोफिया डंकली और डेनिएल व्याट की ओपनर जोड़ी ने ठोस शुरुआत की। सोफिया ने 46 रनों की पारी खेली, जबकि डेनिएल 56 रन बनाकर आउट हुईं। इसके अलावा इंग्लिश कप्तान टैमी ब्यूमोंट ने 30 रनों का योगदान दिया। भारत की तरफसे दीप्ति और अरुंधति ने दो-दो विकेट लिए।

# किंग्स्टन टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया 225 रन पर आउट

## पहली पारी में शमार जोसेफ ने 4 विकेट लिए, वेस्टइंडीज पहले दिन 16/1

**किंग्स्टन, 13 जुलाई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन कंगारू टीम 225 रन पर ऑलआउट हो गई। जमैका के सबीना पार्क, किंग्स्टन में 12 जुलाई को मुकाबले के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 70.3 ओवर में 225 रन पर ऑलआउट हो गई।

इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने दिन का खेल खत्म होने तक 9 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 16 रन बनाए और अब भी 209 रन पीछे है। तीन मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 2-0 से आगे है।

### ग्रीन-स्मिथ अर्धशतक से चूके

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत पहली पारी में धीमी रही। उस्मान ख्वाजा ने 92 गेंदों में 23 रन बनाए, जबकि सैम कोंस्टस 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कैमरन ग्रीन (46) और स्टीव स्मिथ (48) ने कुछ देर तक पारी को संभाला, लेकिन दोनों अर्धशतक से चूक गए। कप्तान पैट कमिंस ने आखिरी में 24 रन की तेज पारी खेली, जिसमें तीन छक्के शामिल थे। ऑस्ट्रेलिया के आखिरी पांच विकेट सिर्फ66 रनों के अंदर गिर गए। वेस्टइंडीज के लिए शमार जोसेफने 17.3 ओवर में 33 रन देकर 4



विकेट झटके। जेडन सील्स और जस्टिन ग्रीव्स ने 3-3 विकेट लिए।

### किंग-चेज नाबाद लौटे

जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत भी बेहद खराब रही। चौथे ओवर में केव्लोन एंडरसन सिर्फ3 रन बनाकर मिचेल स्टार्क की बॉल पर ऑउट हो गए। ब्रैंडन किंग 8 रन और कप्तान रोस्टन चेज 3 रन बनाकर नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टार्क ने 4 ओवर में सिर्फ3 रन देकर 1 विकेट लिया।

**व्यापार**

## रूस से कच्चे तेल की खरीदी 11 महीने के उच्चतम स्तर पर, भारत बना दूसरा सबसे बड़ा खरीदार

**नई दिल्ली, 13 जुलाई (एजेंसी)।** जून 2025 में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात 11 महीने में सबसे अधिक रहा। भारत ने 2.08 मिलियन बैरल प्रतिदिन रूसी तेल खरीदा। इस दौरान मध्य पूर्व से आयात घटा जबकि अमेरिका और ब्राजील से तेजी से बढ़ा। रूस अब भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन चुका है, जो कुल आयात का 40% हिस्सा देता है। भारत ने जून 2025 में रूस से कच्चे तेल की खरीद 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा दी है। अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों के अनुसार, इस्राइल-ईरान युद्ध की आशंका और आपूर्ति सुरक्षा को लेकर भारत के रिफाइनर्स ने बड़ी मात्रा में रूसी तेल का भंडारण किया। इस महीने रूस से भारत की तेल आयात 2.08 मिलियन बैरल प्रतिदिन रही, जो जुलाई 2024 के बाद सबसे ज्यादा है।

## कभी एआई के क्षेत्र में भारत की तैयारियों को कहा था 'होपलेस', अब भारत से ही फंडिंग चाह रहे सैम ऑल्टमैन

**नई दिल्ली, 13 जुलाई (एजेंसी)।** कभी एआई के क्षेत्र में भारत की तैयारियों को होपलेस कहने वाले चैटजीपीटी के निर्माता ओपनएआई के संस्थापक सैम ऑल्टमैन अब भारत से ही फंडिंग जुटाने की जुगत में लगे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। द इंफॉर्मेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई ने सऊदी अरब के पीआईएफ, भारत के रिलायंस इंडस्ट्रीज और मौजूदा शेयरधारक संयुक्त अरब अमीरात के एमजीएक्स से अपने 40 अरब डॉलर के वित्तपोषण के बारे में बात की है रिपोर्ट में मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के हवाले से दावा किया गया है कि ये निवेशक कम से कम सैकड़ों मिलियन डॉलर का निवेश कर सकते हैं। ओपनएआई अपने मॉडल के विकास व महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा योजना स्टारगेट को बढ़ावा देने के लिए और अधिक धन जुटाने की कोशिश कर रहा है, जिसका वित्तपोषण सॉफ्टबैंक की ओर से किया जाना है। इस साल की शुरुआत में, ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने भारत के आईटी मंत्री से मुलाकात की और कम लागत वाली एआई इकोसिस्टम बनाने की भारत की योजना पर चर्चा की। इसके बाद बाद ऑल्टमैन ने अबू धाबी निवेश समूह एमजीएक्स के साथ धन जुटाने पर चर्चा करने के लिए यूएई जाने की भी योजना बनाई। माइक्रोसॉफ्ट समर्थित स्टार्टअप ने फंड जुटाने की कवायदों के तहत कोट्यू और फाउंडर्स फंड से कम से कम 100 मिलियन डॉलर जुटाने पर भी चर्चा की है।

# 8 प्रतिशत से कम ब्याज पर मिल रहा कार लोन

## यूनियन बैंक 7.90 प्रतिशत ब्याज पर दे रहा कर्ज, लोन लेते समय इसकी अवधि का रखें ध्यान




**नई दिल्ली, 13 जुलाई (एजेंसी)।** इन दिनों अगर आप कार लेने का प्लान बना रहे हैं और इसके लिए लोन लेना चाहते हैं तो सबसे पहले आपका ये जानना जरूरी है कि कौन-सा किस ब्याज दर पर लोन दे रहा है। स्टेट बैंक ऑफइंडिया यानी SBI इस समय 9.10त्न सालाना ब्याज पर कार लोन दे रहा है। वहीं यूनियन बैंक ऑफइंडिया की ब्याज दर 7.90% से शुरू है।

ज्यादा समय के लिए लोन लेने पर देना होता है ज्यादा ब्याज जितना हो सके उतनी कम अवधि के लिए लोन लेना चाहिए, लोन को ज्यादा लंबा नहीं खींचना चाहिए। आमतौर पर कार लोन अधिकतम 8 साल के लिए लिया जा सकता है, लेकिन ज्यादा समय, यानी 7 से 8 साल के लिए लोन लेने पर आपको ज्यादा ब्याज दर पर लोन दिया जाता है। ये ब्याज दर कम समय (3 से 4 साल) वाले लोन की ब्याज दर से 0.50त्न तक ज्यादा हो सकती है।

क्रेडिट स्कोर पर भी निर्भर करती है लोन की ब्याज दर कार लोन की ब्याज दर आपके क्रेडिट स्कोर पर भी निर्भर करती है। यदि क्रेडिट स्कोर अच्छा है तो आसानी से और कम ब्याज दर पर लोन मिलने की संभावना रहती है। इसके अलावा रेगुलर इनकम सोर्स वालों को भी बैंक आमतौर पर कम ब्याज दर पर लोन दे देते हैं। लोन लेते समय इन 3 बातों का भी रखें ध्यान

1. प्री क्लोजर पेनल्टी पर ध्यान दें कार लोन लेते समय आपको यह जांचना चाहिए कि आप जिस बैंक से लोन ले रहे हैं क्या वह प्री-क्लोजर पेनल्टी लेता है। प्री क्लोजिंग का मतलब है कि टेन्योर से पहले ही लोन राशि का पेमेंट करना। पेनल्टी रेट सभी बैंकों के लिए एक जैसे नहीं होते हैं। इसलिए सोच-समझकर ही बैंक का चयन करें। उन बैंकों पर विचार करें जो या तो पेनल्टी नहीं लेते हैं या बहुत कम राशि वसूलते हैं।
2. प्रोसेसिंग फीस चेक करें लगभग हर बैंक कार लोन एप्लिकेशन को प्रोसेस करने के लिए एक निश्चित राशि लेता है। कभी-कभी ऐसा भी देखा जाता है कि, जहां कुछ बैंक और एजेंसियां ??कम ब्याज दरों पर कार लोन देते हैं, लेकिन लोन देते समय वे काफी ज्यादा प्रोसेसिंग फीस वसूलते हैं। इसलिए लोन लेन से पहले बैंक से पता करना चाहिए कि वो लोन प्रोसेस करने के लिए कितनी प्रोसेसिंग फीस लेगा।
3. स्पेशल ऑफर्स और स्कीम्स ज्यादातर बैंक त्योहारी सीजन या साल की एक निश्चित अवधि के दौरान कार लोन पर स्पेशल ऑफर देते हैं। ऐसे ऑफर्स का फायदा उठाना चाहिए। इन ऑफर्स में प्रोसेसिंग शुल्क और प्री-क्लोजर पेनल्टी पर छूट, वाहन पर 100त्न फंडिंग, कम या 0त्न ब्याज दर, स्पेशल गिफ्ट वाउचर आदि शामिल हैं। जिन लोगों की क्रेडिट प्रोफाइल अच्छी है, उन्हें बेस्ट डील मिल सकती है।

# टोल पर हाथ से फास्टैग दिखाने पर ब्लैकलिस्ट होगा

**नई दिल्ली, 13 जुलाई (एजेंसी)।** कल की बड़ी खबर फास्टैग से जुड़ी रही। 'लूज फास्टैग' रखने वाले यूजर्स को अब ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। जानबूझकर फास्टैग को गाड़ी की विंडस्क्रीन पर न लगाने वाले हाईवे यूजर्स को 'लूज फास्टैग' या 'टैग-इन-हैंड' कहा जाता है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ह्वद्ध) के अनुसार, इससे ई-टोल कलेक्शन सिस्टम में गड़बड़ी आती है और बाकी यात्रियों को परेशानी होती है। वहीं, अब आपकी कलाई पर बंधी स्मार्टवॉच न सिर्फफिटनेस ट्रैक करेगी, बल्कि ये भी बताएगी कि आप प्रेग्नेंट हैं या नहीं। हाल ही में की गई एक स्टडी में एपल वॉच और आईफोन से इकट्ठा किए गए डेटा की मदद से नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फीचर बनाया गया, जो 92त्न एक्युरेसी के साथ प्रेग्नेंसी का पता लगा सकता है।

सामने कांच पर फास्टैग नहीं लगाने वाले ब्लैकलिस्ट होंगेः हाथ से फास्टैग दिखाने वालों पर सरकार सख्त, जानें क्या हैं नए नियम

लूज फास्टैग' रखने वाले यूजर्स को अब ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। जानबूझकर फास्टैग को गाड़ी की विंडस्क्रीन पर न लगाने वाले हाईवे यूजर्स को 'लूज फास्टैग' या 'टैग-इन-हैंड' कहा जाता है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अनुसार, इससे ई-टोल कलेक्शन सिस्टम में गड़बड़ी आती है और बाकी यात्रियों को परेशानी होती है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फास्टैग के दुरुपयोग को रोकने के लिए ये नियम लागू किया है। अब अगर कोई ड्राइवर फास्टैग को गाड़ी की विंडशील्ड पर नहीं चिपकाता और उसे हाथ में रखकर (जिसे 'लूज फास्टैग' या 'टैग-इन-हैंड' कहते हैं) टोल प्लाजा पर दिखाता है, तो उसका फास्टैग ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

# 1.10 लाख के ऑल टाइम हाई पर पहुंची चांदी

**नई दिल्ली, 13 जुलाई (एजेंसी)।** चांदी के दाम 11 जुलाई को पहली बार 1.10 लाख रुपए किलो के पार पहुंच गए। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार इस साल अब तक चांदी के दाम 24,273 रुपए बढ़ चुके हैं। यानी चांदी इस साल अब तक 28त्न का रिटर्न दे चुकी है।

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अब चांदी की इंडस्ट्रियल डिमांड फिर से बढ़ने लगी है। जिससे चांदी




इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।


ऐसे में अगर आप चांदी में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं तो सिल्वर ETF सही ऑप्शन हो सकता है। इसके जरिए आप शेयर की ही तरह चांदी में भी निवेश कर सकते हैं। इसमें आप बहुत कम यानी 100 रुपए के शुरुआत कर सकते हैं।

**सिल्वर ईटीएफ में निवेश करने के हैं कई फायदेः** कम मात्रा में भी खरीद सकते हैं चांदीः ईटीएफ के जरिए सिल्वर यूनिट्स में खरीदते हैं। इससे कम मात्रा में चांदी खरीदना आसान हो जाता है। सिल्वर ETF की 1 यूनिट की कीमत अभी 100 रुपए के करीब है। यानी आप 100 रुपए में इसमें निवेश की शुरुआत कर सकते हैं।

# निवेश के लिए शेयर चुनने में है उलझन, तो मल्टीकैप फंड करेगा आपकी मुश्किल आसान

**नई दिल्ली, 13 जुलाई (एजेंसी)।** रोहित शेयर बजार में निवेश करना चाहते हैं लेकिन लार्जकैप शेयरों में पैसा लगाएं या फिर मिडकैप या स्मॉलकैप में। अगर इनमें से कोई कैटेगिरी चुन भी लें तो कौनसे शेयर चुनें। इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। रोहित की तरह बड़ी संख्या में निवेशक शेयर बाजार में लिस्टेड पांच हजार से ज्यादा कंपनियों में से कुछ अच्छे शेयर चुनने को लेकर अक्सर उलझन में रहते हैं। अगर आप भी इसी तरह की दुविधा में हैं तो आपके लिए मल्टीकैप म्यूचुअल फंड अच्छा विकल्प हो सकता है। सेबी रजिस्टर्ड इंवेस्टमेंट एडवाइजर जितेंद्र सोलंकी के मुताबिक, मल्टीकैप फंड ऐसे निवेशकों के लिए सही हैं जो शेयर बाजार में निवेश तो करना चाहते हैं लेकिन यह तय नहीं कर पा रहे कि किस कैटेगिरी में निवेश करें। मल्टीकैप फंड में फंड मैनेजर तय करता है कि स्कीम का पैसा शेयर बाजार में कहां और कितना लगाना है।

**कैसे काम करता है मल्टीकैप फंडः** मल्टीकैप फंड ऐसे डायवर्सिफाइड इक्विटी फंड होते हैं जो अलग-अलग तरह की मार्केट कैप वाली कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं। यानी एक ही फंड में निवेश करके आपको सभी कैटेगिरी के शेयरों में निवेश का फायदा मिल जाएगा। मार्केट रेगुलेटर सेबी के नियमों के मुताबिक मल्टी कैप फंड की न्यूनतम 75 फीसद रकम इक्विटी में निवेश करनी होगी। साथ ही कम से कम 25-25 फीसद रकम का अलोकेशन लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप कैटेगिरी में करना होगा। बाकी रकम फंड मैनजर अपने हिसाब से निवेश कर सकता है। इस स्कीम में



फंड मैनजेर को बाजार में शेयर चुनने के बड़े पैमाने पर विकल्प मिलते हैं इसलिए वह जिस कैटेगिरी या सेक्टर में फायदा दिखता है, वहां अपना अलोकेशन बढ़ा देता है।

**निवेश से पहले पिछला प्रदर्शन देखना जरूरीः** जितेंद्र सोलंकी की सलाह है कि किसी स्कीम में निवेश करने से पहले उसका पिछला प्रदर्शन देखना भी जरूरी है. मल्टीकैप फंड इक्विटी कैटेगिरी की स्कीम है। घरेलू शेयर बाजार पिछले करीब चार महीने में 10 फीसद से ज्यादा टूट चुका है। बाजार में बड़ी गिरावट के बावजूद मल्टीकैप फंड की टॉप 5 स्कीमों ने पिछले एक साल में 20 से 24 फीसद तक का रिटर्न दिया है। इस दौरान एलआईसी के मल्टीकैप फंड ने 24 फीसद से ज्यादा का रिटर्न दिया है जबकि एक्सिस मल्टीकैप का फंड 22 फीसद से अधिक रहा है।

**5 साल में मिला 28 फीसद तक रिटर्नः** मल्टी एसेट फंड का 5 साल जैसी लंबी अवधि का प्रदर्शन भी शानदार रहा है। अगर टॉप 5 स्कीम की बात करें तो इनका रिटर्न 20 से 28 फीसद के बीच रहा है। क्वांट एक्टिव फंड ने पिछले 5 साल में सालाना आधार पर 28 फीसद और निप्पॉन इंडिया मल्टीकैप फंड ने 23 फीसद से ज्यादा का रिटर्न दिया है। बाकी तीन स्कीमों का रिटर्न भी 20 फीसद से ज्यादा का रहा है।

**गिरते बाजार में भी अच्छा प्रदर्शनः** एक्सपर्ट्स के अनुसार फंड मैनेजर को शेयर बाजार में कहीं भी निवेश करने की आजादी मिलने की वजह से ही मल्टी कैप फंड गिरते बाजार में भी अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं। निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड के प्रोडक्ट मैनेजमेंट हेड राजेश जयरामन कहते हैं, अगर आप इक्विटी में निवेश करना चाहते हैं तो मल्टीकैप फंड अच्छा विकल्प है। यह फंड लार्ज कैप, मिडकैप और स्मॉलकैप का मिश्रण है। आमतौर पर मल्टीकैप फंड का 40 से 45 फीसद अलोकेशन लार्जकैप फंड में किया जाता है. बाकी रकम मिड और स्मॉलकैप फंड में लगाई जाती है।

## एक नजर

### पेट्रोल पंप से नकदी पार

**रायपुर।** पूजारी पार्क स्थित पेट्रोल पंप के काउंटर से अज्ञात चोर ने 24800 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तेजेश्वर साहू 24 वर्ष गोडवाना भवन के पास टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने पूजारी पार्क स्थित पेट्रोल पंप के खिड़की का शीशा को हटाकर टेबल में रखे 24800 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो एक्टिवा वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिंधी कालोनी दुर्ग निवासी कुशाल अंदानी 25 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमवाय 4536 को करेंसी टावर चौक के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं मच्छी तालाब निवासी हंसा शर्मा 31 वर्ष ने गुढ़ियारी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलयू 3439 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चाकू लहराकर आतंक फैलाते दो गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेन्द्र नगर थाना पुलिस ने मेडिसाइन अस्पताल के पास चाकू लहराकर आतंक फैलाते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस को सूचना मिली कि मेडिसाइन अस्पताल के पास आरोपी अनुज सिंह 18 वर्ष और देवानंद यदू 18 वर्ष चाकू लहराकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### महिला ने पति पर चाकू से किया हमला

**रायपुर।** रायपुर के पंडरी ताज नगर में शुक्रवार रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहाँ एक घरेलू विवाद इतना बढ़ गया कि एक महिला, काजल ने कथित तौर पर अपने पति, मोहम्मद तैयब पर चाकू से हमला कर दिया। टाइल्स मिस्त्री तैयब किसी तरह अपने किराए के मकान से भागकर अपनी माँ के घर सुरक्षित पहुँचने में कामयाब रहे।

सिविल लाइन पुलिस इस घटना की जाँच कर रही है, जो रात करीब 10:30 बजे हुई। रिपोर्टों के अनुसार, काजल और मोहम्मद तैयब, जिनकी तीन साल पहले लव मैरिज हुई थी और उनका डेढ़ साल का एक बच्चा भी है, के बीच तब झगड़ा शुरू हुआ जब काजल ने अपने पति पर किसी और महिला के साथ संबंध होने का आरोप लगाया। यह मौखिक विवाद जल्द ही हिंसक हो गया। काजल ने कथित तौर पर एक सब्जी काटने वाले चाकू से तैयब की पीठ और गर्दन पर कई वार किए, और उसे हाथों और घूंसों से भी पीटा। तैयब किसी तरह घर से भागने में सफल रहे और अपने रिश्तेदारों को इस हमले के बारे में जानकारी दी। पति की रिपोर्ट के बाद काजल के खिलाफमामला दर्ज कर लिया गया है।

# जनजातीय संग्रहालय छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को विश्वपटल पर स्थापित करेगा

## केन्द्रीय मंत्री उईके ने जनजातीय संग्रहालय देखा

**रायपुर।** केन्द्रीय जनजातीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके द्वारा अपने दो दिन के छत्तीसगढ़ प्रवास के अंतिम चरण में आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, नवा रायपुर परिसर में स्थित नवनिर्मित छत्तीसगढ़ जनजातीय संग्रहालय का निरीक्षण किया गया।

जनजातीय केन्द्रीय मंत्री उईके संग्रहालय में जनजातीय जीवनशैली के प्रत्येक पहलू के बेहद खूबसूरत ढंग से किए गए जीवंत प्रदर्शन से वे बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने इस दौरान कहा, यह संग्रहालय भावी युवा पीढ़ी में गौरवशाली आदिवासी संस्कृति के प्रति आत्म गौरव का भाव पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। उन्होंने कहा, भौतिकवादी एवं पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव से आज का जनजातीय समाज भी अछूता नहीं है, इसीलिए समाज की सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने की आज बहुत जरूरत है। जनजातीय संग्रहालय के निर्माण से युवावर्ग को अपनी समृद्ध एवं गौरवशाली



आदिवासी सांस्कृतिक विरासत को जानने का अवसर मिलेगा। साथ ही आमजन भी आदिवासी सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होंगे।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जनजातीय वर्ग के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं पीएम जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से जनजातियों के संर्वागीण विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना में यह प्रयास मील का पत्थर साबित होंगे।

जनजातीय केन्द्रीय मंत्री श्री उईके संग्रहालय की सभी 14 गैलरियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ आदिम जाति विकास मंत्री मंत्री श्री रामविचार नेताम, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा एवं टीआरटीआई के संचालक जगदीश कुमार सोनकर उपस्थित थे। संग्रहालय में जनजातियों के परंपरागत वाद्ययंत्रों, आवास एवं घरेलू उपकरण, शिकार उपकरण, उनमें कृषि की परंपरागत तकनीकें एवं उपकरणों का जीवंत प्रदर्शन, उनमें आग जलाने की पद्धतियां, लौह निर्माण, रस्सी निर्माण, फसल मिंजाई (पौधों से बीज अलग करना), कत्था निर्माण, चिवड़ा-लाई निर्माण, मंद आसवन, अन्न कुटाई व पिसाई, तेल प्रसंस्करण हेतु उपयोग में लाने जाने वाले उपकरणों व परंपरागत तकनीकों, सांस्कृतिक विरासत के अंतर्गत अबुझमाड़िया में गोटुल, भुंजिया जनजाति में लाल बंगला, जनजातियों में परम्परागत कला कौशल जैसे बांसकला, काष्ठकला, चित्रकारी, गोदनाकला, शिल्पकला आदि के जीवंत प्रदर्शन को उनके द्वारा बहुत सराहा गया एवं साथ ही संग्रहालय का भ्रमण करने आए आगंतुको से पुछने पर उनके द्वारा भी संग्रहालय की बहुत सराहना की गई।

# बिजली को लेकर कांग्रेस उतरेगी सड़क पर

## साय बोले- वृद्धि से किसानों व गरीबों पर नहीं पड़ेगा प्रभाव





**रायपुर।** बिजली दरों में हुई वृद्धि को लेकर सियासत गरमा गई है। इस मुद्दे पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने चरणबद्ध आंदोलन करने का ऐलान कर दिया है। उनका आरोप है कि डेढ़ साल के भीतर भाजपा की साय सरकार ने चौथी बार बिजली के दाम बढ़ाए हैं। जनता की जेब पर सरकार डाका डाल रही।

वहीं दूसरी ओर मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, बिजली दर में बढ़ोतरी का किसानों और गरीबों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। गरीबों को हॉफ बिजली का लाभ दिया जाता है। घरेलू बिजली में 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट बढ़े हैं। किसानों के लिए बिजली बिल में 50 पैसे बढ़ाए गए हैं, लेकिन सरकार तीन एचपी में 3 हजार यूनिट फ्री दे रही है। सरकार वह पैसा बिजली विभाग को देती है।

**बिजली बिल की प्रतियां जलाकर जताया विरोध**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते छत्तीसगढ़ के किसान पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं। अब कृषि पंप में बिजली की दर बढाकर किसानों की कमर तोड़ने का काम हो रहा है।

## विधायक पुरंदर मिश्रा ने राहुल गांधी को दिया श्राप!

# राहुल बस आलू से सोना बनाएं भगवान पर टिप्पणी न करें

**रायपुर।** राहुल गांधी के भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा अडानी परिवार के लिए रोक दिए जाने वाले बयान पर भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने सख्त आपत्ति जताई है.




उन्होंने श्राप देते हुए कहा कि भगवान पर टिप्पणी करने वाले ऐसे सनातन विरोधी का सर्वनाश हो जाना चाहिए. देख लेना अगले रथयात्रा तक कैसे दुर्गति होगी.

रायपुर जगनाथ मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि राहुल गांधी बस आलू से सोना बनाये, भगवान पर टिप्पणी न करें. भगवान से लगेंगे तो सत्यानाश हो जाएगा. मैं ब्राह्मण हूं, और सही में जग्गनाथ जी का काम करता हूं तो चाहूंगा मेरा श्राप राहुल गांधी को लग जाए.

पुरंदर मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी ने भगवान जगन्नाथ को चैलेंज किया है. भगवान जगन्नाथ कलयुग के साक्षात् देवता हैं. सनातन को मानने वाले सभी भगवान जगन्नाथ के पास गए हैं. भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि कांग्रेस को सद्बुद्धि दे.

विधायक ने इसके साथ आरोप लगाया कि कुछ लोग भगवान को, सनातन धर्म को अपमानित करना चाहते हैं. किसी व्यक्ति विशेष के लिए रथयात्रा रोकने का आरोप लगाया गया है. जिनकी शादी नहीं हो रही वह प्रभु जगन्नाथ को लेकर आरोप लगा रहे हैं. यह मुद्दा कांग्रेस का नहीं राहुल गांधी का है.

# मोजो मशरूम फैक्ट्री से निकलने वाली अपशिष्ट से ग्रामीण परेशान

## जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष ने फैक्ट्री का किया निरीक्षण

**रायपुर।** मोजो मशरूम फैक्ट्री में मजदूरों को बंधक बनाए जाने और उन्हें दी गई यातनाओं के खिलाफ जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उद्योराम वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने फैक्ट्री का निरीक्षण कर मजदूरों से चर्चा की। उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि फैक्ट्री से बहुत ज्यादा बदबू आती है जिससे आसपास के गांव प्रभावित हैं। ग्रामीणों ने फैक्ट्री के द्वारा गांव की सार्वजनिक जगहों पर फेंके जा रहे अपशिष्ट की समस्या से भी अवगत कराया। फैक्ट्री प्रबंधन ने इस बात को नकारते हुए कहा कि कोई भी अपशिष्ट फेंका नहीं जाता बल्कि पावर प्लांट में सप्लाई किया जाता है। नाराज ग्रामीणों ने प्रतिनिधिमंडल को पीकरीडीह स्थित गौठान भूमि और गांव के सार्वजनिक निस्तार की जगह को दिखाया।



मौका मुआवना करने पर प्रतिनिधिमंल को फैक्ट्री द्वारा बड़े पैमाने पर फेंके गए बदबूदार अपशिष्ट मिले जो गैरकानूनी रूप से डंपिंग किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अपशिष्ट में बड़े पैमाने पर पॉलीथिन भी मौजूद हैं जिसे खासकर गांव की कई गाय मर चुकी है। वहां आसपास रहने वाले लोगों को भी स्वास्थ संबंधी परेशानी हो रही हैं।

**कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन**

फैक्ट्री प्रबंधन की इस गंभीर लापरवाही और इस पर कार्यवाही हेतु सोमवार को जिला कलेक्टर और पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष उद्योराम वर्मा , छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के संयोजक आलोक शुक्ला, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा,भावेश बघेल, पेंड्रावन जलाशय बचाओ किसान संघर्ष समिति के सचिव घनश्याम वर्मा सहित पीकरीडीह, बंगाली सहित आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे।

# नाबालिग दुल्हन को युवक के पिता ने मारी गोली

**रायपुर.** टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग को भगाकर शादी करने को लेकर लड़के के ही पिता ने युवती को गोली मार दी। जिसमें युवती घायल हो गई है। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार रात की है। एक नाबालिग युवती को भगाकर शादी करने के बाद विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि आरोपी युवक के पिता ने नाबालिग युवती को एयरगन से गोली मार दी।

घटना की जानकारी मिलते ही नाबालिग के परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य आरोपी किशोर गाइन, जिसने लड़की को भगाया और उससे शादी की थी। युवक का पिता कन्हाई गाइन, जिसने युवती को गोली मारी और उसका दोस्त विक्की उर्फ समर शामिल हैं। वहीं मामले में एक अन्य आरोपी राजा फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से एयरगन भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता नाबालिग है और उसे बहला-फुसलाकर भगाया गया था।

# छात्रा ने लगाई फांसी, प्रिंसिपल पर डांटने और टीसी देने का आरोप

**रायपुर।** राजधानी में एक छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा रायपुरा आरडीए कॉलोनी में रहती थी। बताया जा रहा है कि छात्रा को स्कूल के प्रिंसिपल ने किसी बात को लेकर फटकार लगाई थी। प्रिंसिपल की डाट खाने के बाद से ही छात्रा गुमशुम रहने लगी। स्कूल की छुट्टी होने के बाद घर पहुंची और अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर



आत्महत्या कर ली।

मृतिका छात्रा का नाम यामिनी ध्रुव था। छात्रा पंडित गिरजाशंकर मिश्रा स्कूल पढ़ाई कर रही थी। बताया जा रहा है कि छात्रा को किसी बात को लेकर प्रिंसिपल ने जमकर फटकार लगाई थी। साथ ही छात्रा को टीसी थमा दी गई थी। परिजनों के मुताबिक इसके बाद से छात्रा गुमशुम रहने लगी और घर में अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

युवती की मौत की खबर परिजनों ने पुलिस को दी। मामले में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे,* प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26